


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 150 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 29 फरवरी 2024 डाक 01 मार्च 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के थूथुकुडी में देश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन हब पोर्ट पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का दौरा करते हुए



**देश-विदेश**
बच गई सुक्खू सरकार... पर संकट अब भी बरकरार



**फीचर पेज**
ऊनी कपड़े रखते समय जरूर रखें इन बातों का ध्यान हमेशा दिखेंगे नए जैसे



# मप्र के डिंडौरी जिले में पिकअप वाहन पलटा, 14 लोगों की मौत, 20 घायल

## राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख, सीएम ने की मदद की घोषणा

**डिंडौरी, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

जिले के शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम बड़झर घाट में कल रात लगभग डेढ़ बजे पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 20 घायल हो गए। रात में पुलिस तक जानकारी विलंब से पहुंची। इसी के चलते लगभग डेढ़ घंटे तक घायल मौके पर ही तड़पते रहे। पिकअप वाहन 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गया। हादसे में एक ही गांव के 11 लोगों की जान गई है। मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। मेरी प्रार्थना है कि इस हादसे में घायल हुए सभी लोग शीघ्र स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के डिंडोरी सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव ने मृतकों के स्वजनों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। जिला प्रशासन की ओर से परिवारों को 20-20 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है। इस हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने दुख जताया है। जानकारी के अनुसार पिकअप के चालक अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिकअप वाहन अनफिट होने का पता भी चला है। यह पता चला है कि पिकअप वाहन का बीमा अगस्त माह 2021 और वाहन की फिटनेस सितंबर माह 2022 में समाप्त हो चुकी थी। यह भी जानकारी मिली है कि वाहन केवल माल ढोने के लिए था।सीएम डॉ मोहन यादव के निर्देश पर मध्य प्रदेश की मंत्री संपतिया उइके मौके पर पहुंची। उन्होंने मीडिया से कहा मैं यहां सरकार के प्रतिनिधि के रूप में हूं। यह एक बड़ा हादसा है। दुख की इस घड़ी में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने घोषणा की है कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से हमने उनके परिवारों को 20-20 हजार रुपये देने की घोषणा की है। मंत्री के अनुसारा सीएम ने घटना की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने के निर्देश दिए हैं।बताया गया कि डिंडौरी जिले के शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम अमहाई देवरी निवासी लोग मंडला जिले के मसूर घुघरी चौक समारोह बरहो में शामिल होने गए हुए थे। रात में लगभग 1.30 बजे लौटते समय तेज रफ्तार पिकअप वाहन घाट में अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में वाहन चालक को भी चोट लगी है। जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोगों का अस्पताल में गुरुवार की सुबह जमावड़ा लग गया है। बताया गया कि दुर्घटना में मदन सिंह आर्मो 50 वर्ष, पीतम बरकड़े 16 वर्ष, पुन्नू पिता रामलाल 55 वर्ष, भद्दी बाई 35 वर्ष, सेम बाई पति रमेश 40 वर्ष, लाल सिंह 53 वर्ष, मुलिया 60 वर्ष, तितरी बाई 50 वर्ष, सावित्री 55 वर्ष, सरजू 45 वर्ष, रामी बाई 35 वर्ष, बसंती 30 वर्ष,रामवती 30 वर्ष, कृपाल 45 वर्ष की मौके पर मौत हुई है। अधिकांश मृतक अमहाई देवरी निवासी हैं। मृतकों में छह पुरुष और आठ महिलाएं शामिल हैं। मृतकों और घायलों में अमहाई देवरी के साथ पोड़ी,धमनी,सजनिया निवासी लोग बताए जा रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की विवेचना कर रही है। जानकारी लगते ही कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गए हैं।





इस घटना पर मुख्यमंत्री द्वारा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के साथ घायलों का समुचित इलाज करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डिंडोरी द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों एवं घायलों के लिए रेडक्रॉस से तत्काल राहत राशि प्रदान की गई है। मृतकों के परिजनों को तत्काल 20-20 हजार रुपये, घायलों को 5-5 हजार रुपये की राहत राशि दी गई है। मृतकों की अंत्येष्टि के लिए पीड़ित परिवार को सहायता राशि 5-5 हजार रुपये एवं घायलों को संबल योजना के अंतर्गत सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## इंटेल इंडिया के पूर्व कंट्री हेड की मौत, साइकिल चलाते समय पीछे से तेज रफ्तार कैब ने मारी थी टक्कर



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में तेज रफ्तार कैब की चपेट में आने से इंटेल इंडिया के पूर्व कंट्री हेड अवतार सैनी की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर हुई जब सैनी (68) अपने साथियों के साथ नेरुल इलाके में पाम बीच रोड पर साइकिल चला रहे थे। एक तेज रफ्तार कैब ने सैनी की साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी और चालक ने मौके से भागने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि सैनी को चोटें आईं और साथी साइकिल चालक उन्हें अस्पताल ले गए जहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। चेंबूर के रहने वाले सैनी ने इंटेल 386 और 486 माइक्रोप्रोसेसरों पर काम किया। उन्होंने कंपनी के पेंटियम प्रोसेसर के डिजाइन का नेतृत्व भी किया। पुलिस ने कैब चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना), 337 (लापरवाही से मानव जीवन को खतरे में डालने के लिए लापरवाही से काम करके चोट पहुंचाना) और 304-ए (किसी भी तेज या लापरवाही से काम करके किसी व्यक्ति की मौत करना, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता है) और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधान के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## ट्रेलर पलटने से दबे बाइक सवार, एक की मौत

**रायगढ़, 29 फरवरी।**

तमनार से दोस्त को लेने रायगढ़ रेलवे स्टेशन आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। देर रात एम्बुलेंस चालक की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो बेटे की मौत हो चुकी थी। उसका साथी गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती था। पुलिस ने परिजन की सूचना पर ट्रेलर के चालक पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है।

## हिमाचल में सियासी घमासान: कांग्रेस के छह बागी विधायक अयोग्य घोषित, स्पीकर ने की बड़ी कार्रवाई




**शिमला, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पास बहुमत होने के बावजूद राज्यसभा की सीट भाजपा की झोली में जाने से सियासी घमासान मचा है। कांग्रेस के बागी विधायकों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। सभी छह बागी विधायक अयोग्य घोषित कर दिए गए हैं।कांग्रेस के छह बागी विधायकों के भविष्य पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फैसला सुना दिया है। कांग्रेस विधायक और संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिका दायर की थी।दरअसल, स्पीकर ने कल दोनों पक्षों को सुना था।

आज स्पीकर ने फैसला सुनाया है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों के खिलाफ मुझे याचिका मिली थी। छह विधायक जिन्होंने चुनाव कांग्रेस से लड़ा और दलबदल विरोधी कानून के तहत उनके खिलाफ याचिका मिली। मैंने अपने 30 पेज के आदेश में काफी विस्तार से इसकी जानकारी दी है। मैंने उन छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया है, अब वे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदस्य नहीं है। बागी विधायकों पर आरोप है कि भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी के पक्ष में व्हिप जारी होने के बावजूद वोटिंग की। इसके अलावा बजट पारित करने के दौरान व्हिप जारी होने के बावजूद ये सदन से गैर हाजिर रहे। बागी हुए कांग्रेस विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, देवेंद्र कुमार भुट्टो, इंद्रदत्त लखनपाल और चैतन्य शर्मा के नाम शामिल हैं।छह विधायकों की सदस्यता रद्द किए जाए पर हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अभी मेरा इस पर कुछ भी कहना उचित नहीं है।

हमारे पर्यवेक्षक यहां आए हैं, उन्होंने परिस्थिति को देखा है और फिर स्पीकर ने फैसला लिया है, इसलिए मेरा इसपर कुछ कहना उचित नहीं है। इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि मामला हाईकमान के ध्यान में लाया गया है। अभी वे पर्यवेक्षक से मिलेंगे और इसके बाद आगामी फैसला लिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पर्यवेक्षक यहां आए हैं और चीजें ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उनसे फिर बात करेंगे कि कैसे चीजों को ठीक करना है, हिमाचल देवभूमि है और हम प्रभु राम का भी आशीर्वाद लेकर आए हैं। सबका आशीर्वाद साथ है तो जो होगा अच्छा होगा। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार सुबह कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों को ब्रेकफास्ट दिया।

## दिल्ली रवाना हुए किरण सिंहदेव, लोकसभा प्रत्याशियों के नाम तय होने की दी जानकारी

**रायपुर 29 फरवरी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की दिल्ली में बैठक होने वाली है. बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने बताया कि कल प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई थी। लोकसभा चुनाव के लिए जितने भी आवेदन आये थे, उस पर बैठकर विचार विमर्श किया गया। इसकी जानकारी हमारे राष्ट्रीय नेताओं को दी जाएगी। बैठक के बाद प्रत्याशियों की जल्द सूची जारी होने की संभावना पर किरण सिंहदेव ने कहा कि ये आज ही पता चलेगा, वहां जाने के बाद किस तरह से कार्ययोजना रहेगी।

## अखिलेश यादव आज सीबीआई के सामने नहीं होंगे पेश, खनन घोटाले मामले में भेजा गया था नोटिस



**लखनऊ, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

बहुचर्चित खनन घोटाले में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) शिकंजा कसने की तैयारी में है। दिल्ली सीबीआई ने हमीरपुर में हुए खनन घोटाले को लेकर वर्ष 2019 में दर्ज एफआईआर के तहत नोटिस देकर अखिलेश यादव को पूछताछ के लिए बुलाया है, हालांकि पीटीआई के सूत्रों के अनुसार अखिलेश सीबीआई के समक्ष आज नहीं पेश होंगे। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप नने बताया- अखिलेश यादव आज पार्टी कार्यालय लखनऊ में पीडीए की मीटिंग अटेंड कर रहे हैं। वह मीटिंग के अलावा कहीं नहीं जाएंगे। इस मामले में अखिलेश यादव नामजद आरोपित नहीं हैं। खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी को लेकर अखिलेश यादव से बतौर गवाह सवाल-जवाब हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीसी की धारा-160 के तहत जारी नोटिस में एजेंसी ने अखिलेश यादव को 2019 में दर्ज मामले के संबंध में 29 फरवरी को पेश होने के लिए कहा गया था।

## नकली दवा बेचने वाले सप्लायर पर ड्रग डिपार्टमेंट की बड़ी कार्रवाई, धड़ल्ले से बेच रहा था डुप्लीकेट आई ड्राप



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने आंखों के इंफेक्शन की नकली दवा बनाने और बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने रायपुर में नकली दवाओं के सप्लायर के साथ एक मेडिकल स्टोर पर दबिश देकर भारी मात्रा में नकली आई ड्राप जब्त किया है। सहायक औषधि नियंत्रक बसंत कुमार कौशिक ने बताया कि तेलीबांधा स्थित छत्तीसगढ़ आई हॉस्पिटल के साई मेडिकल स्टोर्स से नकली आइ ड्राप की बेची जा रही थी। इस जानकारी मिलने पर टीम ने दबिश देकर मेडिकल स्टोर से नकली आई ड्राप को जब्त किया है। इसके बाद टीम ने नकली दवाइयों के सप्लायर शकुंतला डिस्ट्रीब्यूटर्स के यहां कार्रवाई कर भारी मात्रा में नकली आई ड्राप जब्त की है। सहायक औषधि नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि छापे के दौरान शकुंतला डिस्ट्रीब्यूटर्स के ठिकानों से भारी मात्रा में प्रिंट मटेरियल जब्त किया गया है।

## टीएमसी नेता शाहजहां शेख 55 दिन बाद गिरफ्तार, अदालत ने 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**कोलकाता, 29 फरवरी [एजेंसी]।**



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम पर हमले के बाद से फरार था। पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को बशीरहाट की अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शाहजहां शेख उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखा में एक घर में छिपा हुआ था, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया और 14 दिन की हिरासत की मांग की। लेकिन अदालत ने दस दिन की पुलिस हिरासत की अनुमति दी। जिले के संदेशखाली की महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर यौन शोषण व जमीन के पट्टों को कब्जाने का आरोप लगाया है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर उच्च न्यायालय ने बीते सोमवार को शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की एकल पीठ ने सात फरवरी के आदेश में ईडी के अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और पश्चिम बंगाल पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन पर रोक लगाई थी। बाद में अदालत ने पाया कि शेख काफी समय से फरार है। जिसके बाद अदालत ने निर्देश दिया था कि सीबीआई और ईडी शेख को गिरफ्तार करने के लिए स्वतंत्र हैं। इससे पहले उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली से पहुंची फैक्ट फाइंडिंग टीम को संदेशखाली जाने की अनुमति दी।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## सीईओ निवास में चली गोली, अफसर के गनमैन ने खुद को किया शूट



**कवर्धा, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार साहू ने अपने सर्विस गन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कृष्ण कुमार साहू छठवीं बटालियन के जवान थे। जवान रात में सीईओ संदीप अग्रवाल के पास ड्यूटी में था। सूचना पर पुलिस जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निवास पहुंची।

मृतक जवान बिलासपुर जिले के सीपत का रहने वाला बताया जा रहा है. जो कि 1 साल से ड्यूटी पर तैनात था. वहीं दुर्ग से फॉरेंसिक टीम भी पहुंच चुकी है।

# जिले में गौण खनिज की धड़ल्ले से जारी है तस्करी,चाह कर भी रोक नही पा रहा प्रशासन



कोरबा। जिले में स्वीकृत रेत घाटों से पूर्णत: अवैध रेत उत्खनन को रोकने खनिज विभाग नाकाम रहा है । स्वीकृत रेत घाटों को तीसरी आंख से निगरानी करने जिला प्रशासन द्वारा 3 साल पूर्व सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की व्यवस्था भी समय के साथ दम तोड़ गई , मौजूदा स्थिति में एक भी रेत घाटों में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाए जा सके। जिसकी वजह से स्वीकृत घाटों से रेत तस्कर रेत चोरी कर शासन को लाखों के राजस्व की क्षति पहुंचा रहे । यहां बताना होगा कि प्रदेश में रेत घाटों की ठेका पद्धति समाप्त होने के बाद रेत घाटों के संचालन का अधिकार पंचायतों को दे दिया गया है। खनिज विभाग से प्राप्त दस्तावेज अनुसार जिले में वर्तमान स्थिति में 7 रेत घाट स्वीकृत हैं। इनमें कोरबा तहसील अंतर्गत चुईया एवं कुदुरमाल , कटघोरा तहसील अंतर्गत धवईपुर, बरपाली तहसील अंतर्गत तरदा ,पसान तहसील अंतर्गत दुल्लापुर , सिर्री एवं पोंडी उपरोड़ा तहसील अंतर्गत कुटेशरनगोई में रेत घाट स्वीकृत हैं। कुटेशरनगोई को छोंड़कर सभी जगह सरपंच पट्टेदार हैं कुटेशरनगोई में अरुण सिंघानिया संचालनकर्ता हैं। लेकिन इन सातों रेत घाटों में निगरानी व्यवस्था में ढिलाई की वजह से रेत तस्कर अवैध रेत उत्खनन परिवहन कर शासन को गौण खनिज से मिलने वाले लाखों करोड़ों के राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। हाल ही में स्वीकृत रेत घाट तरदा के पास बड़े पैमाने पर रेत चोरी की तस्वीरें वायरल हुई थीं जिसके बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया था । कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन परिवहन को रोकने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।लेकिन प्रशासन के निर्देश के बावजूद रेत घाटों से शत प्रतिशत रेत चोरी को रोकना एक कड़ी चुनोती होगी। इस दिशा में वित्तीय वर्ष 2021 -22 में कांग्रेस शासनकाल में कोरबा की तत्कालीन कलेक्टर रहीं किरण कौशल ने प्रभावी प्रबंध किए थे। उनके निर्देश पर रेत घाटों की तीसरी आंख से निगरानी करने सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिसकी निगरानी व फीडबैक वो स्वयं ले रही थीं,काफी हद तक रेत घाटों से रेत चोरी पर अंकुश लग गया था।लेकिन कलेक्टर बदलते ही सारी व्यवस्थाएं चौपट हो गईं ,रेत घाटों से कैमरे गायब हो गए और रेत तस्करों के लिए रेत चोरी कर शासन को लाखों की राजस्व क्षति पहुंचाने का रास्ता खोल दिया गया । अब सत्ता परिवर्तन के बाद स्वीकृत रेत घाटों में रेत चोरी पर अंकुश लगाने तीसरी आंख से निगरानी की दरकार है ।हमने मामले में उप संचालक खनिज प्रमोद नायक से उनका पक्ष जानने की कोशिश की कॉल रिसीव नहीं करने की वजह से उनका पक्ष नहीं आ सका।

# पी.एम. किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त का किया गया हस्तांतरण



**कोरबा ।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त का हस्तांतरण किया गया। जिसमें कोरबा जिले के 73 हजार 642 किसान लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रागंण में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय से किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन व 16वीं किश्त का हस्तांतरण वीडियो प्रसारण के माध्यम से किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. एस.के. उपाध्याय द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच लखनपुर श्री जगदीश प्रसाद नागवंशी जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस.एल. स्वामी, पूर्व अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोरबा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री डी.पी.एस. कंवर, सहायक संचालक कृषि कोरबा, जी.के. ठाकुर, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कटघोरा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ लगभग 100 से अधिक कृषकों ने भाग लिया तथा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा 16वीं किश्त प्राप्त कर कृषकों को हर्ष भी प्राप्त हुआ।

# जिले के क़राटे खिलाड़ी स्नेहा ने दुबई में बजाया डंका, जगह-जगह हुआ स्वागत



कोरबा । कराटे की खिलाड़ी स्नेहा बंजारे ने विदेश की धरती पर भारत का परचम लहराया है। कोरबा जिले की बेटी ने दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में माईनस 68 किलोग्राम केटेगरी में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतकर कोरबा सहित छत्तीसगढ़ और भारत का नाम रौशन किया है। स्नेहा छत्तीसगढ़ की पहली लड़की है जिसने वर्ल्ड कराटे चैम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किया है।

छत्तीसगढ़ लौटने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्नेहा के साथ कविता सोनी भी उपस्थित रहीं।

कोरबा पहुंचने पर रेलवे स्टेशन में स्वागत किया गया। इसके बाद रैली की शक्ल में स्नेहा बंजारे को शहर भ्रमण कराया गया। तिरंगा लहराते हुए स्नेहा ने नगरजनों का अभिवादन स्वीकार किया।

जगह-जगह स्नेहा का स्वागत किया जाता रहा। सीतामणी, पुराना बस स्टैण्ड, टीपी नगर, आईटीआई चौक होते हुए जिला न्यायालय पहुंची स्नेहा का स्वागत सम्मान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय जायसवाल सहित सचिव नूतन सिंह ठाकुर, क्रांति श्रीवास, अतुल दास महंत, दिलीप मिरी, सुनील दास महंत, किरण निराला आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं पुष्प माला पहना कर किया।

# कनिष्ठ अभियंता व सहायक अभियंता परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उड़नदस्ता नियुक्त

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स) एवं सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) पदों पर भर्ती परीक्षा 03 मार्च 2024 दिन रविवार को दो पालियो में क्रमश: पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तथा अपरान्ह 02 से 04:15 बजे तक आयोजित होगी।परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी श्री पी. एल. मिरेन्द्र, व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक शाला कुदुरमाल श्री टी. डी. टोण्डे तथा एपीसी समग्र शिक्षा कोरबा श्रीमती ओमेश्वरी नायक को प्रथम एवं द्वितीय पाली हेतु के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी अपनी उपस्थिति परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व कलेक्टर कार्यालय कोरबा में नोडल अधिकारी/सहा. नोडल अधिकारी कोरबा को अनिवार्य रूप से देने व ब्रिफिंग 02 मार्च को प्रात: 11 बजे समन्वयक केंद्र पी.जी. कॉलेज कोरबा में उपस्थित होना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक या परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रात: 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री उमेश कुमार चिकनजुरी जिला कार्यालय कोरबा तथा भृत्य श्री नरेश यादव जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 04 मार्च को

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 04 मार्च 2024 को किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में रिलेशनशिप मैनेजर के आईसीआईसीआई बैंक में 30 व एचडीएफसी बैंक में 10 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक वांछनीय है। इसके साथ ही पेट्रो रसायन अभियांत्रिकीय संस्थान (सिपेट) रायपुर अंतर्गत मशीन ऑपरेटर- प्लास्टिक प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर-इजेक्शन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक एक्सट्रूशन, मशीन ऑपरेटर- ब्लो मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर- टूल रूम व मशीन ऑपरेटर- प्रोग्रामर सीएनसी मिलिंग के पदों पर 06 माह अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 04 मार्च को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को दिया गया उद्यमिता का प्रशिक्षण

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के सात दिवसीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक हुआ समापन



**कोरबा ।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 19 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंकों द्वारा स्वीकृत प्रकरणों के लाभार्थियों का प्रशिक्षण जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में रखा गया। इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को व्यवसाय, व्यापार एवं उद्योग को सफलतापूर्वक संचालन करने प्रभावी संचार कौशल, मार्केटिंग मैनेजमेंट, उद्यमशीलता की क्षमताओं को विकसित करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित लाभार्थियों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# छूरी नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम की कुर्सी गई

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ने छुरी नगर पंचायत में अपना परचम लहरा दिया है। बुधवार को आहूत सामान्य सम्मिलन में लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस के नीलम देवांगन के खिलाफ पारित हो गया। इससे यह साफ हो गया है की आने वाले दिनों में भाजपा का अध्यक्ष बनना तय है। नौ साल बाद एक बार फिर भाजपा नगर पंचायत छुरी में काबिज होने जा रही है। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि छुरी की जनता पार्षद अध्यक्ष की कार्यप्रणाली से पूरी तरह से परेशान हो गई थी।छुरी नगर पंचायत में अध्यक्ष सहित कांग्रेस के 9 और भाजपा के कुल 6 पार्षद थे। पिछले दिनों पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ पार्षदों ने लिखित रूप में अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने हेतु पत्र सौंपा था जिसके बाद लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आज अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाथ की उपस्थिति में मतदान कराया गया। जिसमें पांच के मुकाबले दस मतों से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की खबर जैसे ही बाहर आई, जय श्रीराम के नारे से पंचायत परिसर पूरी तरह से गूंज उठा। इस दौरान भाजपा समर्थकों ने एक दूसरे के माथे पर गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार भी किया।इस मौके पर मौजूद जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि नगर पंचायत में पूरी तरह से लचर हो चुकी कार्य व्यवस्था से छुरी की जनता बेहद परेशान हो चुकी थी और उसे उम्मीद थी की कोई आएगा जो इस बैतरणी को पार करायेगा। इस पंचायत में कांग्रेस पार्षदों की स्थिति भी काफी ऊहापोह वाली रही। उनका भी कोई काम नहीं हो पा रहा था। इस एकला चलो नीति के कारण ही अध्यक्ष को पराजय झेलनी पड़ी। डॉ. सिंह ने कहा कि इसके लिए चुनावी रणनीति के तहत कार्य किया गया और विजय हासिल की गई। इसके लिए भाजपा समर्थकों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस के पार्षदों ने जो सहयोग दिया, उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं ।

# किसान सभा का 5वां राज्य सम्मेलन सूरजपुर में 2-3 मार्च को, महासचिव विजू कृष्णन भी लेंगे हिस्सा

कोरबा। अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा का 5वां राज्य सम्मेलन 2-3 मार्च को सूरजपुर जिले के कल्याणपुर गांव में होगा। इस सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से निर्वाचित 150 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

सम्मेलन का उदघाटन किसान सभा के महासचिव विजू कृष्णन करेंगे। सम्मेलन में किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी अवधेश कुमार और बादल सरोज भी हिस्सा लेंगे।यह जानकारी छत्तीसगढ़ किसान सभा के संयोजक संजय पराते ने दी। उन्होंने बताया कि किसान सभा इस समय देश का सबसे बड़ा किसान संगठन है, जिसकी सदस्यता 2 करोड़ है और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे साझा आंदोलन की धुरी बना हुआ है। विश्व व्यापार संगठन की बैठक की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में मोदी सरकार की किसान और कृषि विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी संघर्ष को मजबूत करने, प्रदेश में खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन को व्यापक बनाने और किसान सभा संगठन को मजबूत करने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि संकट से जूझ रहा है। भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की सबसे ज्यादा मार सीमांत और लघु किसानों और आदिवासी और दलितों पर पड़ रही है

## सुशीला बेन का निधन



**कोरबा।** चौहान स्टूडियो के संचालक ,गुजराती समाज के संरक्षक शांतिलाल भाई चौहान की धर्मपत्नी सुशीला बेन चौहान (75 वर्ष) का 27 फरवरी की रात रायपुर में दुखद निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वह संजय चौहान, कैलाश चौहान, कपिल चौहान व अतुल चौहान की माता थी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया।उपस्थित स्वजातीय बंधु,गणमान्य नागरिक,परिजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देहदान में मिले पार्थिव देह से उपचार की जानकारी सीख रहे मेडिकल के छात्र

कोरबा। जिले में स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल को जांजगीर-चांपा से पहला देहदान मिला है, जिससे मेडिकल कॉलेज के छात्रों को सीखने में मदद मिल रही है। कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में छात्रों की सुविधा के लिए फिलहाल 5 पार्थिव देह उपलब्ध हैं।

भारत सरकार के द्वारा पिछले वर्षों में कोरबा को मेडिकल कॉलेज की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जहां पर चिकित्सा की पढ़ाई प्रारंभ हो गई है। 125 सीट वाले मेडिकल कॉलेज कोरबा में प्रोफेसर के द्वारा छात्रों को चिकित्सा के विभिन्न आयाम की शिक्षा दी जा रही है।असिस्टेंट प्रोफेसर और मेडिकल कॉलेज के उप अधीक्षक डॉक्टर शशिकांत ने बताया कि एनाटॉमी यानी शरीर रचना विज्ञान से संबंधित प्रयोग शिक्षा प्राप्त करने के लिए मृत देह जरूरी है। ऐसे में 25 छात्र प्रैक्टिस के लिए एक शव का उपयोग कर रहे हैं।वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा अध्ययन के लिए पांच पार्थिव देह रखी गई है। हाल में ही जांजगीर चांपा जिले से एक ऐसा शव यहां भेजा गया है। बताया गया कि समय के साथ कई प्रकार के मिथक टूट रहे हैं और लोग देहदान के संकल्प करने के मामले में जागरूकता दिखा रहे हैं। जिला मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक रविकांत जाटवाड़ ने बताया कि जांजगीर जिले से एक शव डोनेट किया गया है, जो जिला मेडिकल कॉलेज के लिए पहला है। जिला मेडिकल कॉलेज को पहला देहदान मिला है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में भी जन जागरूकता अभियान चलाया गया है, जहां कुछ लोगों ने देहदान किया है जो आने वाले समय में निश्चित ही मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा।



## कटघोरा वनमंडल में करोड़ों का मजदूरी भुगतान सालों बाद भी लंबित होने का आरोप लगा धरने पर बैठे मजदूर

कोरबा। कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा में सालो से लंबित करोड़ों के मजदूरी भुगतान का आरोप लगा मजदूर कटघोरा वनमंडल के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए । मजदूरों के साथ भाजपा नेता भी धरने पर रहे बताया जा रहा है कि मजदूरों को कार्य के एवज में भुगतान न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चली है। जिसके कारण भाजपाइयों को भी सामने आना पड़ा है। डीएफओ की सदबुद्धि के लिए सुंदरकांड का पाठ भी प्रदर्शनकारियों द्वारा किया है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के लिए डीएफओ और तहसीलदार चर्चा करने पहुंचे, लेकिन बात नहीं बनी और प्रदर्शन शाम तक जारी रहा । बाद में डीएफओ ने आंदोलनकारियो से चर्चा की । और लंबित मजदूरी एवं अन्य भुगतान को शीघ्र देने संबंधित आश्वासन दिया। डीएमओ आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों अपना धरना व प्रदर्शन समाप्त कर दिया । लेकिन यह भी चेतावनी दी कि आगामी 6 मार्च तक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 6 मार्च को पोड़ी उपरोड़ा में एनएच को चक्का जाम करने को बाध्य होगें।

# मिनीमाता विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को मिल रहा उच- नवाचार और गुणवत्तायुक्त शिक्षा

### तमिलनाडु राष्ट्रीय हॉकी जूनियर सिल्वर मेडल जीत विद्यालय के नाम किया रोशन..




कोरबा। जिला के बालको क्षेत्र में स्थित मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के स्तर में निरंतर सुधार हो रहा और यहां शैक्षिक नवाचार और गुणवत्तायुक्त शिक्षा के जरिए छात्र- छात्राओं का सर्वांगीण विकास किया जा रहा हैं। मिनीमाता विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों को हिंदी मीडियम और नर्सरी एवं कक्षा सातवीं के बच्चों को इंग्लिश मीडियम उच्च शिक्षा दिया जाता है, यही वजह हैं कि यह स्कूल बालको क्षेत्र के बच्चों एवं परिजनों का पसंदीदा स्कूल बना हुआ है, विद्यालय प्रबंधक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और शिक्षकों की मेहनत से विद्यालय इन दिनों सुर्खियों में है। यहां के छात्र-छात्राओं हमेशा टॉपर रहते हैं,

यहां पर बच्चों की पढ़ाई के लिए अलग-अलग कक्षाएं और खेल-कूद आदि की उत्तम व्यवस्थाएं मौजूद हैं, इसमें शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र- छात्राओं की सोच और बौद्धिक स्तर में जबरदस्त बदलाव देखने को मिल रहा है। स्कूल में उपलब्ध गुणवत्तायुक्त, रचनात्मक और नवाचार आधारित शिक्षा पद्धति से छात्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। हर कक्षा के छात्र-छात्राओं को स्कूल यूनिफार्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा, स्वेटर और स्टेशनरी के साथ अप टू डेट दिखाई देते हैं। इसी का परिणाम है कि मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बच्चों एवं परिजनों का पसंदीदा विद्यालय बना हुआ है, विद्यालय के हर विद्यार्थी इस बात पर गौरव महसूस करता है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त हो रही है।

मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक के बच्चों को मिला पुरस्कार- विद्यालय के तमिलनाडु राष्ट्रीय हॉकी जूनियर सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी गगन बकावले को विशेषखिलाड़ी कहते हुए शील्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किए।अपील- मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक शिक्षक अभिभावकों से अपील करते हैं कि बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। आज बच्चे पढ़ लिख लेंगे तो अपने जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएंगे।

# निगम की सामान्य सभा कल, नेता प्रतिपक्ष महापौर को गिफ्ट करेंगे पिटारा

**कोरबा।** 11 माह बाद एक बार फिर नगर निगम की सामान्य सभा आयोजित की जा रही है, सामान्य सभा के लिए नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौपकर सामान्य सभा कराने की मांग की थी, उक्त मांग को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त ने 1 मार्च 2024 को जवाहर लाल नेहरू सभा कक्ष में निगम की सामान्य सभा का सम्मिलन आयोजित किया गया है, नगर निगम की सामान्य सभा हंगामेदार होने की संभावना है नगर निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने 1 मार्च को आयोजित सामान्य सभा में निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद को महापौर का जादुई पिटारा गिफ्ट करने जा रहे हैं, कोरबा की जनता में इन दिनों इस जादुई पिटारें की जमकर चर्चा हो रही है। इस बारे में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि इस जादुई पिटारे में क्या है इसकी जानकारी 1 मार्च को ह्यह्यह्यही मिल सकेगी, फिलहाल इतना कह सकते हैं कि इस जादुई पिटारे के खुलते ही महापौर के झूठे दावों की पोल जरूर खुल जाएगी ।श्री अग्रवाल ने कहा कि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जब से नगर निगम में कुर्सी संभाली है उनके ही वार्ड की जनता उससे नाराज चल रही है, सफाई व्यवस्था के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए महापौर को वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस की जनता ने कचरा गोदाम में बंद कर दिया था, वार्ड क्रमांक 14 से ही महापौर पार्षद निर्वाचित हुए है । महापौर की निष्क्रियता के कारण आज कोरबा शहर विकास में पिछड़ गया है, 1 मार्च को जादुई पिटारा खुलते ही ये सबके सामने आ जायेगा

# धुरकोट के संस्कार भारती विद्यालय में हुआ वार्षिक उत्सव




**जांजगीर चांपा।** संस्कार भारती विद्यालय धुरकोट में वार्षिक उत्सव हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को मंत्रोचार के साथ प्रारंभ किया गया । विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसमें स्वागत गीत से प्रारंभ हुआ एवं क्लास दूसरी के बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय गीत पर नाटक प्रस्तुत किया गया एवं भारत माता और मिट्टी के होते हुए दुर्दशा का मार्मिक चित्रण करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। कक्षा अरुण उदय से आठवीं तक के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर देवांगन प्रांत कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा भारतीय संस्कृति से प्रेरणा लेकर विश्व के विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र पर आगे बढ़े उन्होंने भारत की संस्कृति एवं भारत की भाषा से प्रेरणा लेने की सीख दी एवं विशिष्ट अतिथि परमेश्वर राठौर अधिवक्ता ने अपने उद्बोधन में कहा यह बच्चे देश के भविष्य हैं। इनका बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम अनिवार्य है,और उन्होने बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मनमथ नाथ शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने लक्ष्य में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। मंच पर नीलांशु सिंह सिसोदिया एवं प्रधानाचार्य हेमंत राठौर भी थे। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य हेमंत के द्वारा आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य हेमंत राठौड़ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के पालकगण एवं ग्राम के गण मान्य नागरिक भी उपस्थित थे। एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने व्यवस्था संभालने में सहयोग प्रदान किया। यह कार्यक्रम मार्मिक एवं प्रेरणा दाई रहा है जिसकी सराहना लोगों द्वारा की गई।

# महानदी के त्रिवेणी संगम पर हुई महा आरती

**जांजगीर चांपा।** आध्यात्म की पावन धरा शिवरीनारायण में महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर माघी पूर्णिमा के अवसर में चित्रोत्पला गंगा महाआरती का भव्य आयोजन संपन्न हुआ इसमें राज्य के अनेक जिलों से आए हुए लोगों के अतिरिक्त अन्य प्रदेश के लोग भी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम में महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर बावा घाट में महा आरती का शुभारंभ महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास, संत राम गोपाल दास महाराज एवं मध्य प्रदेश शासन तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि करण साहू तथा पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के कर कमलों से हुआ। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला से किया गया। साथ ही गंगा महाआरती के लिए चांपा से पधारे हुए विप्र जनों का सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शक श्रद्धालु भक्तों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री ने कहा कि शिवरीनारायण के इस पवित्र स्थल पर विगत 25 वर्षों से प्रतिदिन सायंकालीन बेला में गंगा महाआरती का कार्यक्रम विपरीत



परिस्थितियों में भी संचालित होते आ रहा है। माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां बृहद आयोजन होता है । सामान्यत लोग प्रयागराज, हरिद्वार, बनारस जैसे तीर्थ स्थलों में पहुंचकर गंगा महाआरती का दर्शन लाभ प्राप्त कर पाने से वंचित हो जाते हैं इसलिए आम नागरिकों को शिवरीनारायण में इस तरह का भव्य आयोजन देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है। पुण्य लाभ अर्जित करते हैं, मैं शिवरीनारायण नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों को बधाई देता हूं जिनकी प्रेरणा से यह कार्यक्रम यहां पर प्रारंभ हुआ था। लोगों को मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री साहू ने भी संबोधित किया और कहा कि - मेरा यह परम सौभाग्य है कि भगवान शिवरीनारायण की पावन धारा में उपस्थित होकर इतने पवित्र कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

इस भव्य आयोजन को देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई आप सभी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं ।लोगों को संत श्री राम गोपाल दास जी महाराज ने भी अपना आशीर्वचन प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सुबोध शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, दिनेश दुबे, हेमंत दुबे, द्वारका देवांगन, योगेश शर्मा, निरंजन लाल अग्रवाल, शशि केडिया, राजेंद्र वैष्णव, कमलेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सोनी , तहसीलदार पांडे , जिला प्रशासन के अनेक प्रशासनिक अधिकारी गण मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव पुरेंद्र सोनी, रंगनाथ यादव, जगदीश यादव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## बैंक से पैसे निकाल घर जा रहा किसान उठाई गिरी का हुआ शिकार

**जैजैपुर।** नगर में बुधवार को दोपहर में एक किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। किसान जिला सहकारी बैंक से अपने धान बिक्री- की रकम निकालकर वापस घर जा रहा था। इस दौरान उठाईगिरी का शिकार हो गया।

इस संबंध में जैजैपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत काशिगढ़ का किसान उस्मान खान पिता अरमान खान बुधवार 28 फरवरी की सुबह जिला सहकारी बैंक जैजैपुर धान बिक्री का पैसा निकालने पहुंचा था। बैंक से 1 लाख = 24 हजार रुपए निकालकर अपने घर वापस जाने के लिए निकला। रास्ते न मे उन्होंने अपने मोटरसाइकिल पर पेट्रोल भरवाने महिमा फ्यूल्स केपास रूका तभी वहां एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग आए जिसमें एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से बात करने लगा और बाकी दो लोग उस्मान खान और उनके मां अमीर बी को अपने बातों में उलझाकर उनकी बाइक की डिक्की में रखे 1 लाख 23 हजार रुपऐ को निकालकर ले गए। प्रार्थी जब पेट्रोल पंप से निकलकर कर घर जाने लगा तभी उनकी नंजर गाड़ी के डिक्की पर पड़ी तब उनके होश फाख्ता हो गए। क्योंकि गाड़ी के डिक्की में रखे थैला जिसमें 1 लाख 3 हजार रुपए के अलावा 2 लाख रुपये के मेच्युअल पेपर के अलावा आधार कार्ड पेन कार्ड सब गायब थे। इस पर प्रार्थी ने थाने में जाकर सूचना दी। बहरहाल प्रार्थी के रिपोर्ट पर जैजैपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। नगर में दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी की घटना से दशहत का माहौल है। बहरहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

## आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत् आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग/मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 02 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2024 निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकेगा। ''आकांक्षा'' कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र/छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/ का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से भी संपर्क कर सकते है।



## टीम के प्रदर्शन पर कलेक्टर छिकारा ने दी बधाई

**जांजगीर चांपा।** पटना में आयोजित 41 वी जुनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप 21 से 25 फरवरी तक आयोजित की गई थी। जिसमें छत्तीसगढ टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनो वर्गो के खिलाड़ियों ने पदक जीत कर जिले सहित प्रदेश का मान बढ़ाया ।बालिका वर्ग ने कांस्य पदक जीता तथा बालक वर्ग ने लगातार दूसरी बार सिल्वर मेडल जीतने में सफ़लता प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पामगढ़ की दो बालिका तमन्ना राय, चंद्रकांता बरेठ खिलाड़ी टीम में शामिल रही। दोनों ही खिलाड़ियों ने प्रदेश के लिए मेडल जीतने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मेडल जीतने के बाद छत्तीसगढ टीम में शामिल दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लगातार जिले के खिलाड़ी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रहे है इस उपलब्धि पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी। कोच शीतल खांडे ने बताया कि वर्तमान में 75 खिलाड़ी से अधिक प्रतिदिन सॉफ्टबॉल खेल में अभ्यासरत है साथ ही अब तक 70 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं और साथ ही 30से अधिक राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके हैं।

## ईश्वरी यादव के पुस्तकों का हुआ लोकार्पण



**जांजगीर।** वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी यादव के चार पुस्तकों उलूकोपाख्यान व्यंग्य, खिड़कियां खोल दो, कुछ उजाला करो सजल संग्रह,पनघट पनघट प्यास दोहा संग्रह,आएगा स्वर्णिम प्रभात फिर मुक्तक संग्रह का लोकार्पण शील साहित्य परिषद जांजगीर के नरेंद्र श्रीवास्तव सभागार में हुआ।संतोष कश्यप,मनोज पाण्डेय, आलोक शुक्ला,महेश राठौर मलय ने इन पुस्तकों की समीक्षा पढ़ी।कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर, श्रीफल अर्पित कर मुख्य अतिथि प्रफुल्ल कुमार शुक्ला सेवा निवृत्त ए जी एम बाल्को, अध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने किया। रामगोपाल राठौर के संगीत समूह ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रफुल्ल कुमार शुक्ला ने ईश्वरी यादव से संबंधित बचपन में बिताए गए समय को याद किया।उन्होंने कहा कि बाल सखा के रूप में उन दोनो ने बचपन का भरपूर लुत्फ उठाया। ईश्वरी यादव के साहित्यिक अवदान को भी उन्होंने रेखांकित किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय दुबे ने इस बात पर चिंता व्यक्त किया कि लोग पुस्तकालय रखते हैं, दिखाते हैं,लेकिन किताबों का अध्ययन नहीं करते।ईश्वरी यादव ने साहित्य सृजन पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित अतिथियों ,सुधिजनों के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन सतीश सिंह ने किया। इस विमोचन कार्यक्रम में विजय राठौर,कृष्ण कुमार पाण्डेय,मधुसूदन शर्मा,राधेश्याम सोनी,दयानंद गोपाल,दिनेश रोहित चतुर्वेदी,सुरेश पैगवार,उमाकांत टैगोर, रोशन केसरवानी,राजेन्द्र प्रसाद तांडे,संजय अग्रवाल,शीवधन शुक्ला,शिवलाल कहरा, मूलचंद साव,अमित उपाध्याय,मनोज यादव,हितेश कहरा, मोहित,राजेश यादव, ईश्वरी यादव के पुत्र कमलेश यादव, सुरेश यादव एवं परिवार सहित अन्य साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

# चलित थाना के माध्यम से दिया जा रहा नेक संदेश



**सक्ती।** एसपी सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एएसपी श्रीमती गायत्री सिंह के पर्यवेक्षण में मालखरौदा टीआई राजेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में चलित थाना के माध्यम से अपराध रोकने के लिए शासकीय उमावि सकर्रा मालखरौदा के सैकड़ों विद्यार्थियों को नेक संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान में छात्र-छात्राओं को उनके गुरूजन बंधुओं का भी गाइडेंस दिया जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं को सायबर क्राइम की दी जानकारी

**जांजगीर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जर्वे च के विद्यार्थियों को सायबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक सुरेश पाठक ने विद्यार्थियों को बताया कि कोई भी व्यक्ति फोन से बैंक संबंधित जानकारी या डेबिट, क्रेडिट कार्ड के संबंध में ओटीपी मांगे तो न दे और ऐसे लोगों की शिकायत पुलिस के पास करें। मोबाइल पर अनजान एप डाउनलोड न करने की सलाह दी।

## मेडिकल कालेज के लिए 50 करोड रुपये की घोषणा

**जांजगीर-चांपा ।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने जिला मुख्यालय में मेडिकल कालेज का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि जिले में सुविधायुक्त जिला अस्पताल है, नर्सिंग कालेज भी है। यहां मेडिकल कालेज की घोषणा पूर्व में हो चुकी है। उसे शीघ्र प्रारंभ किया जाए।



गुरूवार को विधानसभा सत्र के शून्य काल में विधायक कश्यप ने जिले में मेडिकल कालेज प्रारंभ किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि मेडिकल कालेज के लिए जमीन का चिन्हांकन हो चुका है। इसी सत्र से मेडिकल कालेज प्रारंभ किया जाए। इससे मेडिकल के छात्रों को लाभ होगा। वहीं जिलेवासियों को बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी। उनकी मांग पर मेडिकल कालेज के लिए 50 करोड़ रुपये देने की घोषणा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। इसके अलावा विधायक की मांग पर स्कूल एवं उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ग्राम धाराशिव खोखरा में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख 23 हजार रुपये की स्वीकृति दी। मेडिकल कालेज के लिए राशि की घोषणा होने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। ब्यास कश्यप ने बताया कि उनकी, मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने राशि स्वीकृत की है। आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए वे तत्पर रहेंगे।

## अग्निवीर सेना भर्ती रैली : अबकी बार दो सौ पार

**जांजगीर - चांपा ।** पुलिस लाइन जांजगीर में दिसंबर महीने में आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती रैली का परिणाम सेना कार्यालय द्वारा 27 फरवरी को घोषित कर दिया गया। रैली में 5532 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। जिसमें से 870 उम्मीदवार अग्निवीर जीडी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए चुने गए हैं। इस रैली में पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा जिले के 2 सौ से अधिक युवाओं का चयन हुआ है। ये युवा अब इस साल से भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे।

## स्कूल में शिक्षक ने पी शराब, कहा-जाओ कलेक्टर को दिखा दो वीडियो

**बिलासपुर ।** मस्तूरी विकासखंड के ग्राम मचहा स्थित प्राथमिक स्कूल में शिक्षक प्रधान पाठक के सामने ही स्टाफ रूम में शराब पीने लगा। शराब के नशे में उसने विद्यार्थियों के सामने भी हंगामा किया। इसकी सूचना पर पहुंचे गांव वालों और वीडियो बना रहे युवक को धमकियां भी दी।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, कोरबा**

क्र. कायंको/विज्ञा./क्रय/4562 कोरबा, दिनांक : 28.02.2024

**-: शिविर संबंधी सूचना :-**

सं/सं संभाग, के अंतर्गत आने वाले सर्व गणमान्य नागरिकों को सूचित किया जाता है कि विद्युत समस्या निवारण हेतु निम्नानुसार वितरण केन्द्रों के सम्मुख लिखित दिनांक/ दिन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सर्व सम्माननीय नागरिकों से अनुरोध है कि उक्त शिविर में कार्यालयीन अवधि, प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे के बीच उपस्थित होकर बिल सुधार, विद्युत देयक भुगतान, नया कनेक्शन प्राप्त करने एवं अन्य समस्या निवारण की त्वरित कार्यवाही का लाभ उठावें।

| उपसंभाग का नाम | क्र. | वितरण केन्द्र का नाम | दिनांक | दिन | शिविर स्थल का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| कोरबा | 1. | बरपाली | 04-03.2024 | सोमवार | सरगबुंदिया (पंचायत भवन) |
| | | | 11-03-2024 | सोमवार | गाड़ापाली (पंचायत भवन) |
| | 2. | भैसमा | 07-03-2024 | गुरूवार | गोढ़ी (पंचायत भवन) |
| | | | 14-03-2024 | गुरूवार | तिलकेजा (पंचायत भवन) |
| | 3. | करतला | 04-03-2024 | सोमवार | चचिया (पंचायत भवन) |
| | | | 11-03.2024 | सोमवार | बड़मार (पंचायत भवन) |
| | 4. | रामपुर | 05-03-2024 | मंगलवार | चोरभट्ठी (पंचायत भवन) |
| | | | 12-03-2024 | मंगलवार | बिंझकोट (पंचायत भवन) |
| | 5. | सोहागपुर | 05-03-2024 | मंगलवार | सोहागपुर (पंचायत भवन) |
| | | | 12-03-2024 | मंगलवार | मुकुंदपुर (पंचायत भवन) |
| | 6. | हरदीबाजार | 04-03-2024 | सोमवार | मुरली (पंचायत भवन) |
| | | | 11-03-2024 | सोमवार | जोरहाडबरी (पंचायत भवन) |
| दीपका | 7. | दीपका | 05-03-2024 | मंगलवार | कोरई (पंचायत भवन) |
| | | | 15-03-2024 | मंगलवार | खुसरूडीह (पंचायत भवन) |
| | 8 | भिलाईबाजार | 07-03-2024 | गुरूवार | खोडारी (पंचायत भवन) |
| | | | 14-03-2024 | गुरूवार | हरदीकला (पंचायत भवन) |

''स्वहित व राष्ट्रहित में विद्युत बचत करें।''

**कार्यपालन यंत्री (सं/सं) संभाग**
**छ.रा.वि.वि.कं. मर्या. कोरबा**

S-39843/2


# कांग्रेस एवं आप नेता ने भाजपा का थामा दामन

**जांजगीर चांपा।** सक्ती जिले के दो बड़े नेताओं ने अपनी पार्टी के प्राथमिक सदस्यता को छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है इससे क्षेत्र में एक राजनैतिक हलचल उत्पन्न हो गई है। इन नेताओं में बाराद्वार निवासी दिनेश शर्मा का नाम शामिल है वही दूसरा चरण दास महंत के छोटे भाई के साले अनुभव तिवारी ने आम आदमी पार्टी को छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है ।

यह दल बदल उक्त नेता तब किए जब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन सक्ती में हुआ। ऐसे में दोनों नेताओं दल बदलने चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले अनुभव तिवारी ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ते हुए आम आदमी पार्टी में प्रवेश कर विधान सभा चुनाव चरण दास महंत के खिलाफ लड़ा था। जो चुनाव तो हार



गए किंतु डॉक्टर चरण दास महंत के नाक में दम कर दिए थे और डॉक्टर चरणदास महंत कम वोटो से चुनाव जीत पाए। परंतु ठीक अब लोकसभा चुनाव से पहले बाराद्वार निवसी दिनेश शर्मा एवं अनुभव तिवारी ने अब भाजपा का दामन थाम लिया है जिससे क्षेत्र में कांग्रेस कमजोर हो सकती है। इनके साथ और भी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं इससे आगामी चुनाव में कांग्रेस को भारी नुकसान होने का अंदेशा है।

## त्रिदिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव 19 मार्च से

**चांपा।** स्थानीय सुभाष चंद्र बोस चौक एनीकट जाने वाले मार्ग पर स्थित श्री खाटू वाले श्याम मंदिर में त्रिदिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आगामी 19 से 21 मार्च तक धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री श्याम बाबा सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक गत दिनों संपन्न हुई जिसमें विचार विमर्श कर सदस्यों ने आयोजन की रूपरेखा तय की। यह जानकारी देते हुए श्री श्याम बाबा सेवा समिति के संरक्षक रामनारायण मोदी, अध्यक्ष शैलेश कुमार शर्मा, सचिव दिनेश केडिया, राज अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष किशोर मोदी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस त्रिदिवसीय आयोजन के तहत प्रथम दिन मंगलवार 19 मार्च को शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में श्री श्याम सखी मंडल द्वारा अल्पाहार के साथ श्री श्याम नाम की मेहंदी का कार्यक्रम रखा गया है। दूसरे दिन बुधवार 20 मार्च को सुबह 8 बजे से श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में राधाकृष्ण मंदिर के समक्ष से श्री श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा श्याम मंदिर तक निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 10 बजे से श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से एकादशी पर भजन - कीर्तन की अंचल के गायको द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## श्रीमती श्याम देवी शर्मा का निधन

**जांजगीर-चांपा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी हरियाणा ट्रांसपोर्ट के मालिक स्वर्गीय गिल्लू राम शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती श्याम देवी शर्मा का रायपुर में निधन हो गया है। स्वर्गीय श्याम देवी, संदीप शर्मा, दीपक शर्मा एवं राजू शर्मा की माता थी। उनकी देवलोक गमन की यात्रा के 29 फरवरी को सुबह 11.00 बजे निवास स्थान चमेली बाग से मुक्तिधाम नैला में अंतिम संस्कार किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं उनके परिजनों को इस दुख की बेला में शक्ति प्रदान करें। उनके निधन से शहर में शोक की लहर व्याप्त है।



## नगर पंचायत राहौद की अध्यक्ष सत्या राजेंद्र गुप्ता की गई कुर्सी

**चांपा-जांजगीर।** अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11मत पड़े वहीं अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध मे 4मत प्राप्त हुए अविश्वास प्रस्ताव की सूचना कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी को 4 मई 2022 को दी थी। इस पर अध्यक्ष उच्च न्यायालय चली गई थी और अविश्वास प्रस्ताव पर उच्चन्यायालय ने आगामी आदेश तक रोक लगा दी थी। फरवरी 2024 में यह रोक उच्च न्यायालय ने हटा ली। इस पर कलेक्टर ने 28 फरवरी को नगर पंचायत सम्मिलन नगर पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित करने का आदेश जारी किया।

इसके लिए एसडीएम पामगढ़ आर के तंबोली को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया। निर्धारित समय पर पीठासीन अधिकारी नगर पंचायत पहुंचे और सम्मिलन प्रारंभ हुआ। एक दिन पहले ही नगर पंचायत के दस सदस्य शिवरीनारायण चले गए थे। बुधवार को 11ः30 बजे वे नगर पंचायत कार्यालय स्कार्पियो और कार से पहुंचे। निर्धारित समय में सम्मिलन की कार्रवाई शुरू हुई। सदस्यों की उपस्थिति के बाद प्रस्ताव लाने वाले पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की वजह बताया। इसके बाद अध्यक्ष ने अपना पक्ष रखा फिर मतदान हुआ और मतगणना हुई। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट पड़े जबकि प्रस्ताव के विरोध में 4 मत पड़े। इस तरह अध्यक्ष सत्या राजेंद्र गुप्ता को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। नगर पंचायत में कांग्रेस के पांच भाजपा के सात, जकांछ और बसपा के एक एक तथा अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन के लिए बुधवार की तिथि तय की गई थी। इसके लिए पुलिस की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत के सामने एसडीओपी यदुमणी सिदार,शिवरीनारायण थाना प्रभारी सागर पाठक सहित पुलिस के जवान तैनात थे। पार्षदों को छोड़कर किसी भी बाहरी व्यक्ति को नगर पंचायत के अंदर जाने नहीं दिया गया।

एक निर्दलीय मिलाकर 15 पार्षद हैं। अविश्वास प्रस्ताव में एक कांग्रेसी पार्षद ने भी क्रास वोटिंग कर दी। अविश्वास

प्रस्ताव पारित होने के बाद विरोधियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

नगर पंचायत राहौद में अध्यक्ष के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया और अध्यक्ष की कुर्सी चली गई। इस तरह कांग्रेस को नगरीय निकाय का एक अध्यक्ष खोना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट जबकि विरोध में 4 मत पड़े।

**अनमोल वचन**

**भावनाओं को समझने वाला अनपढ़ व्यक्ति इस दुनिया का सबसे ज्ञानी व्यक्ति होता है।**

## डब्लूटीओ से ना-उम्मीदियां

पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है। इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है। विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 13वीं मंत्री स्तरीय बैठक अबू धाबी में बिना ज्यादा उम्मीद के माहौल में शुरू हुई है। दुनिया के मौजूदा रूझान के बीच यह मंच निष्प्रभावी अवस्था में पड़ा दिख रहा है। ऐसी संभावना नहीं है कि अबू धाबी बैठक में उन मूलभूत समस्याओं का निवारण होगा, जिसकी वजह से यह संगठन अपेक्षित भूमिका नहीं निभा पा रहा है। डब्लूटीओ के साथ सबसे बड़ी दिक्कत उसकी अपीलीय संस्था का निष्क्रिय अवस्था में पड़ा होना है। 2019 से विवाद निपटारे की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इस संस्था में जजों की नियुक्ति को अमेरिका ने रोक रखा है। तब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति थे, जो मुक्त व्यापार की नीति के घोषित विरोधी थे। मगर जनवरी 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडेन ने भी डब्लूटीओ के बारे में नीति बदलने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध को जारी रखा। बल्कि एक कदम और बढ़ते हुए वे अमेरिका में औद्योगिक नीति लागू करने में जुट गए। ये दोनों कदम सिरे से डब्लूटीओ के नियमों और भावना के खिलाफ हैं। उधर दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक देश चीन ने डब्लूटीओ के दायरे से बाहर रहते हुए अलग-अलग देशों और देश-समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की नीति अपना रखी है। वैसे, चूंकि डब्लूटीओ उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ है, इसलिए वह इस मंच को सक्रिय करने में भी जुटा हुआ है। मगर पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है। इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है। 26 से 29 फरवरी तक चलने वाली 13वीं मंत्री स्तरीय वार्ता के एजेंडे में वैसे तो कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें चीन की तरफ से नियमबद्ध निवेश के लिए पेश एक प्रस्ताव भी है। बताया जाता है कि जो देश इसका विरोध कर रहे हैं, उनमें भारत प्रमुख है। चूंकि इस संगठन में फैसले आम सहमति से होते हैं, इसलिए चीन के प्रस्ताव का पारित हो पाना मुश्किल है। ऐसी ही आशंका अन्य मुद्दों को लेकर भी है।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप किसी पुराने दोस्त के साथ डिनर करने जा सकते हैं। किसी बात से परेशान लोग आज अपने माता-पिता से विचार विमर्श करेंगे तो शोल्युशन मिल जाएगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप काम करने के नए टारगेट पर विचार करेंगे। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किसी अजनवी से कुछ नया सिखने को मिलेगा जो भविष्य में आपके काफी काम आएगा। आज के दिन की शुरुआत शानदार रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने के व्यवसाय से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करेंगे। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही ना करें। अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज जो भी चीज आपके लिए रुकावट बनती है, उसे नजरदांज करें।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता जी को कोई साड़ी गिफ्ट करेंगे जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज ऑफिस के काम में आपको कलीग की सहायता से आपका काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज रुके हुए कार्यों में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। **कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का मन बनाएंगे। आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। इस राशि के लेखन से जुड़े लोगों का मन क्रिएटिव रहेगा।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके उत्तम रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर आपके किए गए कामों की सराहना की जाएगी। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। आज आपके कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के लोग आज अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमने जा सकते हैं।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के करियर को बेहतर बनाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर राशि**-आज का दिन आपक लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट्स एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बॉस आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

# मैदान में डटी निक्की हैली को सलाम!

//श्रुति व्यास//

**कल मैंने लिखा था कि अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के मुकाबलों में डोनाल्ड ट्रंप हार नहीं सकते। लेकिन बावजूद इसके यह ज़रूरी नहीं कि अपराजेय व्यक्ति के सामने हथियार डाल ही दिए जाएं। इसलिए उनकी विरोधी निक्की हैली अंतिम क्षण तक ट्रंप से मुकाबला करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। वे मानती हैं कि उन्हें तब तक हार स्वीकार नहीं करनी है जब तक अंतिम मैच का परिणाम घोषित नहीं हो जाता। संशय और निराशा जिन लोगों का मूलभाव है, वे मानते हैं कि हैली एक हारा हुआ मैच खेल रही हैं। वे ट्रंप से मीलों पीछे हैं और उनके गृह राज्य साउथ केरोलाईना में उनकी करारी हार के बाद उन्हें चंदा देने वाले लगभग गायब हो गए हैं। पर हर हार, हर प्रहार उन्हें और मजबूती दे रहा है। वे मैदान छोड़कर भागने वालों में से नहीं हैं।**

और यही कारण है कि अंतिम क्षण तक उम्मीद का दामन न छोड़ने वाले ट्रंप-विरोधियों के लिए और सुशिक्षित खांटी रिपब्लिकनों के लिए वे अब भी आशा की किरण हैं। वे लोग अब भी आशान्वित हैं। और हैली भी। साउथ केरोलाईना में उनकी हार के बाद उन्होंने एक तार्किक तर्क प्रस्तुत किया। हमें साउथ केरोलाईना में 40 फीसद वोट मिले हैं। न्यू हैम्पशायर में भी हमें करीब-करीब इतने ही वोट मिले थे। मैं अकाउंटेंट हूँ और जानती हूँ कि 40 फीसद, 50 फीसद नहीं होते। मगर मैं यह भी जानती हूँ कि 40 फीसद बहुत कम भी नहीं होते।

हैली एक मंझी हुई राजनेता हैं। वे जो कहतीं हैं वह लोगों को वाजिब लगता है। ट्रंप के तीखे हमलों और ट्रंप-समर्थकों द्वारा उनकी सभाओं में उन्हें हूट करने के बावजूद वे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्हें अपने तर्कों और विचारों की सत्यता पर पूरा भरोसा है। ट्रंप-युग की शुरुआत के बाद से अमेरिका में वोट देने के आधार बदल गए हैं। मतदाता एक गढ़े गए राजनैतिक नैरेटिव की गिरफ्त में हैं और पूरी तरह ध्रुवीकृत हो चुके हैं।ट्रंप को श्रमिक वर्ग के अशिक्षित पुरुषों और महिलाओं का पूरा समर्थन हासिल है। अमेरिकी मीडिया कहता है कि यह वर्ग, कुल मतदाताओं का करीब चौथाई हिस्सा है और ट्रंप-युग के अविर्भाव से पहले वह वोट ही नहीं देता था। अब समय बदल गया है और जाहिर है कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी ट्रंप हैं।

मगर हैली इस स्थिति से कतई घबराई हुई नहीं हैं ङ्क या कम से कम ऐसे लगता तो है। अब तक जितने भी राज्यों में चुनाव हुए हैं, उनमें से एक में भी वे जीत हासिल नहीं कर सकीं हैं। इसका मतलब यह है कि प्राइमरीज में उनकी विजय की कोई सम्भावना नहीं है। मुकाबला बहुत कड़ा, बल्कि एकतरफा है, मगर हैली मजबूती से जमी हुई हैं। उन्हें किस चीज़ से ताकत मिल रही है। वे मैदान छोड़ने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं। ऐसी रेस में दौड़ते रहने का क्या अर्थ है जिसमें आपकी हार तय हो। अगर ट्रंप की जीत सुनिश्चित है, तो लड़ते रहने का क्या मतलब है। निक्की हैली, पार्टी के रीगन युग की आखिरी प्रतिनिधि हैं। और वे यह जानती हैं। वे नहीं चाहती कि यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी ट्रंप जैसे लफ्फाजों के सामने घुटने टेक दे। उनकी सोच ट्रंप के ठीक उलट है। वे चाहती हैं कि अमेरिका की वैश्विक मामलों में दखल हो, वे मुक्त व्यापार की हामी हैं और उनका विचार है कि आम लोगों की रोजाना की ज़िन्दगी में सरकार का कम से कम हस्तक्षेप होना चाहिए। वे मानती हैं कि अमेरिका अब भी एक महान और भला देश है। इसके विपरीत, ट्रंप आज के अमरीका पर हमलावर हैं और मानते हैं कि वे अमरीका के मुक्तिदाता, उसके मसीहा है। पिछले हफ्ते के अंत में अपने सार्वजनिक भाषणों में हैली ने जोर देकर कहा कि रूस अपने साम्राज्य का विस्तार करता चाहता है और पहले से कहीं अधिक खतरनाक बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरीकियों को नाटो की उपयोगिता पर संदेह हैं।

वे यह भी मानती हैं कि नेताओं की भाषा और लहजा संयत होना चाहिए। फोर्ट मिल में बोलते हुए उन्होंने कहा हमें ऐसे हालात नहीं बनने देने चाहिए जिनमें हम किसी व्यक्ति से सिर्फ इसलिए नफरत करें क्योंकि उसके राजनैतिक विचार हमसे अलग हैं। हमें अपने देश में बढ़ते गुस्से और अलगाव को कम करना है। यह ठीक नहीं है, कम से कम युवाओं के लिए तो बिलकुल भी नहीं। उन्हें ऐसा नहीं बनना चाहिए। यह शुभ नहीं है। उन्होंने घरों पर मालिकाना हक़, नौकरियों, क़र्ज़ और युद्ध भड़कने की आशंका जैसे मसलों पर चर्चा की। इन मुद्दों को देखिये और हैली के विचारों को समझिये तो आपको लगेगा कि घुटने न टेकने का उनका निर्णय सही है। हैली को यह भी लग रहा है कि शायद। हालाँकि ऐसा होने की सम्भावना बहुत कम है। ट्रंप को उनके खिलाफ चल रहे मुकदमों की वजह से चुनाव लड़ने के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाए। इसलिए हैली को लगता है कि जब तक संभव हो तब तक दौड़ में बने रहना उनका कर्तव्य है। ऐसे सर्वेक्षण भी हुए हैं जिनमें मतदाताओं से यह पूछा गया कि अगर राष्टपति चुनाव बाइडन बनाम हैली होते हैं तो वे किसे पसंद करेंगे और अगर उन्हें बाइडन और ट्रंप में से एक को चुनना हो तो वे किसे चुनेंगे। ऐसे सर्वेक्षणों में वे ट्रंप से आगे रही हैं। कुछ सर्वेक्षणों के अनुसार तो वे ट्रंप के मुकाबले 16 प्रतिशत आगे हैं। बहरहाल, निक्की हैली का मैदान में जमे रहना अपने आप में सफलता है। इस तथ्य के बावजूद कि उनके ट्रंप हो हराने की सम्भावना शून्य है, वे मतदाताओं पर अच्छा प्रभाव छोड़ रही हैं। और हो सकता है कि 2028 के चुनाव में वे सबसे आगे हों। मगर अब के लिए तो इस रीगन-समर्थक को सलाम। और वह इसलिए क्योंकि उन्होंने ट्रंप को देश को बर्बाद करने से रोकने की जीतोड़ कोशिश तो की। हैली को इसके लिए याद रखा जाएगा।

# 400-400 ही क्यों, 500 क्यों नहीं

//हरिशंकर व्यास//

**कहावत है थोथा चना, बाजे घना! और यह बात जनसंघ-भाजपा की राजनीति पर शुरू से लागू है। मेरी याद्दाश्त में यूपी में जनसंघ द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी को मुख्यमंत्री बनाने का हल्ला करके विधानसभा चुनाव जीतने की हवाबाजी से लेकर 2004 में शाइनिंग इंडिया और अब विकसित भारत से 400 सीट का शोर इस बात का प्रमाण है कि ढोलबाजी में भाजपा का जवाब नहीं है। पिछले सप्ताह भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। और भाजपा के प्रतिनिधियों ने पार्टी की दशा पर नहीं सोचा। बूझा नहीं कि पार्टी किस तरह कांग्रेसियों, दलबदलुओं, सत्तालोलुपों से भरती हुई है। चाल, चेहरे, चरित्र में भूखी, नंगी होती हुई है। मगर प्रतिनिधिजन भक्ति में 400 सीटों का गुब्बारा लेकर घर लौटे। सब 400-400 के हल्ले से बम-बम हैं।**

पहली बात, 400 सीटें पा भी ली तो कौन सा कीर्तिमान बनना है। छप्पर फाड़ जीत और दस-पंद्रह साल के राज से भी क्या हो जाना है। और भाजपा को 400 सीटे मिल रही है या एनडीए को। और 415 सीटें तो 1984 में राजीव गांधी की कमान में अकेले कांग्रेस की जीती हुई है! कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने 17-17 साल राज किया तो मोदी पंद्रह साल राज करें, अमित शाह बीस साल राज करें तो क्या हो जाएगा।

बहरहाल, भाजपा और एनडीए की अनहोनी तब है जब नरेंद्र मोदी 400 से पार नहीं, बल्कि 500 से पार सीटें जीतने का रियल रिकॉर्ड बनाएं। इतना सब करने के बाद भी यदि पूरा भारत उनके चरणों में नहीं लोटे तो क्या मतलब होगा। फिर सबसे बड़ी बात जो उन्होंने खुद चुनाव में कांग्रेस के पूरी तरह डूबने की बाद कहीं हुई है। उसी के चलते सारे उपाय हैं। कांग्रेस चुनाव के लिए इकट्ठा हुआ पैसा खा लिया गया है। कांग्रेस और विपक्ष के कथित बड़े-महान नेता खरीद लिए गए हैं।

अकड़ू हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल जैसों को जेल में डाला जा रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे खुद्दारों से उनकी पार्टी छीन ली गई है। ममता बनर्जी, नवीन पटनायक, मायावती, जगन मोहन, चंद्रशेखर राव जैसों को कठपुतली बना कर नचा रहे हैं तो वही मीडिया हर एंगल से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सभी ओर कमल को खिलता बतला रहा है। इसलिए क्यों नरेंद्र मोदी का अगला राजतिलक 500 सीटों से कम का हो। क्यों मोदी-शाह 400 सीटों पर अटके रहें! सबसे बड़ा सवाल जब पूरा देश मोदी को वोट देने के लिए टूट पड़ रहा है तो भारत, उसके लोकतंत्र, चुनाव की विश्वसनीयता और खुद नरेंद्र मोदी की साख में ईवीएम मशीनों पर विरोधियों की शंका को दूर करने के लिए भला कागज के मतपत्रों से चुनाव कराने का फैसला क्यों नहीं होता। सांच को आंच नहीं की सनातनी परीक्षा में नरेंद्र मोदी को चुनाव आयोग से ईवीएम मशीनों के साथ वीपीपैट की कागजी स्लीप से भी मतगणना का ऐलान करा देना चाहिए। सोचें, विपक्ष लूला-लगंड़ा, अधमरा है। विरोधी पप्पू लोगों के पास लड़ाई के तीर-कमान भी नहीं हैं। मतलब मैदान में विपक्ष का होना न होना बेमतलब है तो पहली बात मोदी-शाह को पांच सौ सीटे जीतने का विश्वास क्यों नहीं। चुनाव को ईवीएम की जगह मतपत्रों से करवाने का फैसला क्यों नहीं। इसलिए क्योंकि जमीन की रियलिटी वह नहीं है जो पालतू मीडिया से दिखलाई जा रही है। जरा 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के आईने में हिसाब लगाएं। तब 545 सीटों में से भाजपा को 303 सीटें और 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा के एनडीए एलायंस की तब 351 सीटें और 38.5 प्रतिशत वोट थे। बाकी पार्टियों की कुल सीटें 194 में और उनका प्राप्त कुल वोट 61.5 था।इसलिए मई में भाजपा की 400 सीटें तब होगी जब वह 2019 के मुकाबले 97 सीट ज्यादा जीते।

और एनडीए की 351 सीट तब 400 या पांच सौ पार हो सकती है जब उसे चुनाव में 50 या 151 सीटें और मिलें।इसका अर्थ है भगवा हवा के इपिसेंटर की 204 सीटों में भाजपा हर सीट जीते। फिर लड़ाई के मुकाबले वाले राज्यों की 207 सीटों में भाजपा कम से कम दो-तिहाई सीटें जीते। और विपक्षी गढ़ वाले राज्यों की 115 सीटों में आधी सीटें जरूर जीते तभी 400 पार का आंकड़ा बनता है। और ऐसा होना नहीं है। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है! इसलिए त्रिवेंद्रम से ले कर श्रीनगर (पता नहीं शशि थरूर और फारूक अब्दुल्ला को अब तक क्यों नहीं खरीदा गया?) तक की हर सीट भाजपा जीतने के ख्वाब में है। और फिर विपक्ष की मानें तो ईवीएम है ही!

# विपक्ष भले मरा हो पर वोट ज्यादा!

//हरिशंकर व्यास//

भारत के लोकतंत्र का अभूतपूर्व तथ्य है जो 1952 से अभी तक के लोकसभा चुनावों में कभी भी, किसी भी सत्तारूढ़ पार्टी को 50 प्रतिशत पार वोट नहीं मिले। पचास प्रतिशत करीब के 48 प्रतिशत वोट का रिकॉर्ड केवल राजीव गांधी के 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का है। तब कांग्रेस को 48 प्रतिशत वोट और 415 सीटें मिली थी। इंदिरा गांधी की हत्या पर जन सहानुभूति में 64 प्रतिशत मतदान था। और कांग्रेस को 48 प्रतिशत वोटों वाला जनादेश। जबकि मालूम है नरेंद्र मोदी के 2014 तथा 2019 के चुनाव में भाजपा को कुल कितना वोट मिला? सन् 2014 में 31 प्रतिशत वोट व 282 सीटें वहीं 2019 में 37.7 प्रतिशत वोट और 303 सीटे। कांग्रेस की सरकारों के 1952, 1957, 1962, 1967, 1971, 1980, 1984 के जनादेश से निर्मित नेहरू, इंदिरा, राजीव का प्रधानमंत्री पद हमेशा 41 से 48 प्रतिशत वोटों पर था। इमरजेंसी के बाद 1977 के चुनाव में कांग्रेस हारी थी। तब वह 35 प्रतिशत वोट और 154 सीटों पर सिमटी थी। नरसिंह राव, डॉ. मनमोहन सिंह की अल्पमत सरकारें जरूर कांग्रेस के 36 और 27-29 प्रतिशत वोट आधार की थीं।

उस नाते 2014 में अच्छे दिनों की हवा के 31 प्रतिशत और 2019 की पुलवामा व छप्पन इंची छाती की आंधी में कुल 37.7 प्रतिशत वोटों का नरेंद्र मोदी का जनादेश भारत के चुनावी इतिहास का एक सामान्य-मामूली आंकड़ा है। तभी लाख टके का सवाल है कि 400 सीटों के हल्ले में भी क्या भाजपा चालीस प्रतिशत वोट पाने का सामान्य आंकड़ा भी पा सकेगी। नेहरू के कार्यकाल के औसत 46 प्रतिशत, इंदिरा गांधी के 42.3 और राजीव गांधी के 48 प्रतिशत वोटों के जनादेश का रिकॉर्ड क्या नरेंद्र मोदी 2024 में तोड़ रहे हैं।

नामुमकिन है। भाजपा विपक्ष की फूट से सीटें भले अच्छी पा ले लेकिन भारत के कुल मतदाताओं में नरेंद्र मोदी के लिए ठप्पा लगाने वाले 40 प्रतिशत लोग भी शायद ही हों। मोदी के विरोधियों के 60 प्रतिशत वोट होंगे ही होंगे। मैं सीट संख्या के मामले में भाजपा की एक्सट्रीम हवा का हिसाब लगाए हुए हूं। मतलब यह कि रामजी की जब हवा है तो यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, छतीसगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू क्षेत्र, गोवा, दादर-दमन की 204 सीटों में हर सीट भाजपा की झोली में। बावजूद इससे 400 पार सीटों का आधार नहीं बनता। दूसरी कैटेगरी में मुकाबले वाले महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा, असम की 207 सीटों का ब्लॉक है। इसमें क्या भाजपा 2019 जितनी यानी 113 सीटें वापिस जीत सकेगी। कतई नहीं। विपक्ष के गढ़ के नाते फिलहाल तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पंजाब की 115 सीटों में भाजपा की दाल नहीं गलनी है। उत्तर-पूर्व, लक्षद्वीप, अंडमान जैसे छोटे-छोटे राज्यों की बाकी 19 सीटों का ब्लॉक मोटा मोटी लुढ़कता लोटा है। जाहिर है इस बार 400 पार की भाजपा हवाबाजी सिरे नहीं चढ़ेगी। सवाल है इस चुनावी तस्वीर में 400 सीटें आसान हैं या 273 सीटों के लिए भी मुकाबला है। नोट रखें 400 सीटों के हल्ले के पीछे और मोदी-शाह की सारी जोड़-तोड़ के पीछे का मकसद जैसे-तैसे 273 से पार और 300 सीटों का आंकड़ा पा कर लाज बचाने का है। नरेंद्र मोदी जानते हैं कि दस साल की एंटी इन्कमबैंसी जीतना कितना मुश्किल होता है और मंदिर की हवा, हिंदू-मुस्लिम, तमाम तरह की जुमलेबाजी, नौटंकियों-झांकियों के बावजूद यूपी में न अस्सी की अस्सी सीटे जीती जा सकती है और न महाराष्ट्र में यूपी जैसी भगवा हवा बन सकती है।

### पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच

एआई2 माइक्रोसिस्टम्स एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है।रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था। ईयू के ताजा प्रतिबंधों के दायरे में सेमीकंडक्टर अनुसंधान से जुड़ी चेन्नई स्थित कंपनी एआई2 माइक्रोसिस्टम्स भी आई है। इस कंपनी की भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीक मंत्रालय के साथ सहभागिता है। इस रूप में कहा जा सकता है कि परोक्ष रूप से ईयू के प्रतिबंधों के दायरे में भारत सरकार भी आ गई है। एआई2 माइक्रोसिस्टम्स के रूसी कंपनियों के साथ कारोबारी रिश्ते बताए जाते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर आगमन पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी उनका स्वागत करते हुए।



नई दिल्ली में भारत स्पोर्ट्स साइंस कॉन्क्लेव (बीएसएससी) के दौरान ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी के संस्थापक उदित सेठ द्वारा पूर्व एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को सम्मानित किया गया।



बसपा नेता और पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और नेता शिवपाल सिंह यादव की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।



ऑल इंडिया सिख कॉन्फ्रेंस (बब्बर) के सदस्यों ने नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने के केंद्र के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



मुंबई के भयंदर में एक झुग्गी बस्ती में आग लगने के बाद दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।



हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बीजेपी विधायक दल के साथ शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के थूथुकुडी में देश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन हब पोर्ट पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का दौरा करते हुए।

# बच गई सुक्खू सरकार... पर संकट अब भी बरकरार



**शिमला, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद शुरू हुआ राजनीतिक खेल और तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भाजपा विधायकों के साथ बुधवार सुबह साढ़े सात बजे राजभवन पहुंचे और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को घटनाक्रम से अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार अल्पमत में है।जिस तरह कांग्रेस के विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, उसके बाद माना जा रहा था कि बुधवार को बजट पारित नहीं होगा और सरकार गिर जाएगी, लेकिन विपक्ष की अनुपस्थिति में बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। दो दिन से चल रही उठापटक के बीच सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार अभी भले ही बच गई हो, लेकिन संकट बरकरार है, क्योंकि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कह चुका है। 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 40, भाजपा के 25 व तीन निर्दलीय विधायक हैं, बावजूद इसके राज्यसभा चुनाव में दोनों दलों को 34-34 वोट मिले थे। कांग्रेस के छह व तीन निर्दलीय विधायक भाजपा के पक्ष खड़े थे। कांग्रेस हाईकमान ने भाजपा की रणनीति को भांपते हुए सरकार बचाने को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पर्यवेक्षक बनाया, जो बुधवार दोपहर शिमला पहुंचे।पार्टी मामलों के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल व छतीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले से शिमला में थे। राजनीतिक संकट से पार पाने व सरकार को बचाने के लिए सभी ने होटल सिसिल के बंद कमरे में रणनीति बनाई। सूत्रों की मानें तो केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिवों व विधायकों से बात कर पूछा है कि नाराजगी किस बात को लेकर है। यदि सरकार बचाने के लिए नेतृत्व परिवर्तन करना पड़े तो अगली पसंद कौन होगा। कांग्रेस के जिन छह विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की है, उनसे भी चर्चा की। माना जा रहा है कि नाराज विधायक मुख्यमंत्री को बदलने की बात कर रहे हैं। खरगे लेंगे निर्णय चर्चा के बाद पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट तैयार कर मंत्रियों व विधायकों की राय के बारे में फोन के माध्यम से हाईकमान को अवगत करवाया। अब गुरुवार को ये नेता दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव केसी वेणुगोपाल को रिपोर्ट सौंपेंगे। हिमाचल में मुख्यमंत्री का चेहरा बदलना है या सुखविंदर सिंह को इस पद पर रहने देना है, इसका निर्णय खरगे लेंगे। हमारे राष्ट्रीय ब्यूरो के मुताबिक खरगे ने इस मामले में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से बात की है। प्रियंका के भी कुछ विधायकों से बातचीत किए जाने की चर्चा है। कांग्रेस ने सरकार बचाने के लिए कुछ कड़े कदम से लेकर सभी विकल्प खुले रखने की बात कही है।विक्रमादित्य ने वापस नहीं लिया त्याग-पत्र, शर्तों पर कायममंत्री विक्रमादित्य सिंह ने देर शाम कहा कि मैंने अपना त्याग-पत्र वापस नहीं लिया है। त्याग-पत्र वापस लेने और त्याग-पत्र पर जोर न देने में अंतर है। जो परिस्थितियां बनी हैं और अपनी शर्तों के बारे में पर्यवेक्षकों को बता दिया है।जब तक पर्यवेक्षकों की बातचीत और कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक त्याग-पत्र पर जोर नहीं दिया जाएगा। वार्ता का परिणाम आने के बाद समर्थकों से बातचीत कर अंतिम निर्णय लूंगा।

इससे पहले बुधवार सुबह उन्होंने प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि मंत्री पद से त्याग-पत्र दे रहा हूं। इस दौरान उन्होंने नाराजगी के कारण बताए और कहा कि हाईकमान को इसके बारे में अवगत करवा दिया है। प्रदेश की जनता के कहने पर उन्होंने वीरभद्र सिंह की प्रतिमा रिज मैदान पर लगाने का मामला सरकार व हाईकमान के समक्ष बार-बार उठाया।उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह की बदौलत कांग्रेस सत्ता में आई, पर उनकी प्रतिमा को रिज मैदान पर लगाने के लिए सरकार दो गज भूमि उपलब्ध नहीं करवा पाई। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी हाईकमान इस मामले में संज्ञान लेगा। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर पार्टी का साथ दिया है और मुझे लक्ष्मण रेखा का पता है।

दिन में 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मंगलवार को सदन में हुए घटनाक्रम में शामिल विपक्ष के सदस्यों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित 15 भाजपा विधायकों को सदन से निष्कासित कर दिया। इसके बाद सदन में माहौल गर्मा गया। गतिरोध बढ़ने पर विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।भोजनावकाश के बाद सवा दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। जिन विधायकों को निष्कासित किया था, उन्हें सदन में नहीं आने दिया गया। भाजपा के 10 विधायक सदन में आए। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि सदस्यों का निष्कासन गलत है और विरोधस्वरूप वह सदन से बाहर चले गए।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व को दिखाया दम
## जयशंकर बोले- हम खुद के साथ अन्य देशों को भी उबार सकते हैं



**कर्नाटक, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह न केवल अपनी देखभाल कर सकता है कि बल्कि जरूरत के समय अन्य देशों को भी उबार सकता है।बुधवार को कांग्रेस शासित कर्नाटक के हुबली में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया कोविड-19 महामारी पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में चिंतित थी वह देश दुनिया के लिए एक प्रदाता के रूप में खड़ा हुआ। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने कोरोना की आपदा के दौरान 100 अन्य देशों को टीके दिए। उन्होंने कहा कि जब कोविड महामारी आई, तो दुनिया ने मान लिया कि सबसे अधिक पीड़ित होने वाला देश भारत होगा।

इसका कारण यह है कि हमारी आबादी बहुत बड़ी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने सोचा कि हम सक्षम नहीं हैं। हमारे पास कम डॉक्टर थे। हमारे यहां मास्क भी नहीं बनाए गए थे। वेंटिलेटर की भारी कमी थी। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को दिखाया कि वह न केवल अपनी देखभाल कर सकता है, बल्कि दुनिया को भी बचा सकता है। आज भारत आश्वस्त है। वह अपने नागरिकों को तब भी अकेला नहीं छोड़ता जब वे किसी दूसरे देश में संकट में फंस जाते हैं।

## भ्रूण लिंग की हो रही थी जांच... सोनीपत के चिकित्सा विभाग की टीम ने लोनी के शिवा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मारा छापा



**गाजियाबाद, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

चिकित्सा विभाग सोनीपत के तीन चिकित्सकों की टीम ने बुधवार देर शाम को भ्रूण लिंग जांच को लेकर लोनी के शिवा अल्ट्रासाउंड सेंटर में मिथ्या ग्राहक के साथ छापामार कार्रवाई की। इस मौके पर स्थानीय चिकित्सका विभाग के अधिकारियों को भी बुला लिया गया। एसीएमओ डॉ. चरन सिंह ने बताया कि सोनीपत से आए डॉ. सुमित कौशिक,डॉ. किरण सिंधू और डॉ. मयंक सोनी ने गोपनीय सूचना के आधार मिथ्या ग्राहक रेणु के साथ संगम सिनेमा रोड लोनी बॉर्डर पर छापा मारा। इस दौरान धीरज मिश्रा, संजय कुमार और साहब सिंह अल्ट्रासाउंड जांच कर रहे थे। मिथ्या ग्राहक से पैसे तय करने के बाद भ्रुण लिंग जांच जैसे ही शुरू की वैसे ही टीम ने तीनों को दबोच लिया। यह अल्ट्रासाउंड सेंटर डॉ. अनीता मिश्रा के नाम पंजीकृत है। मौके पर उनके पति धीरज मिश्रा जांच कर रहे थे। पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसीएमओ ने बताया कि नायब तहसीलदार रति गुप्ता की मौजूदगी में पकड़े गए लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर अथवा सक्षम कोर्ट में वाद दायर करने को लेकर मंत्रणा चल रही है।नकली ग्राहक के बल पर छापामार कार्रवाई करने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीम को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

पिछले एक साल में नकली ग्राहक से पैसे लेकर आरोपी फरार हो गए और टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। अब इस आर्थिक नुकसान की भरपाई को लेकर फाइल बनाई जा रही है। हरियाणा की पीसीपीएनडीटी (गर्भ धारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक- विनियमन तथा दुरुपयोग अधिनियम) टीमों द्वारा पड़ोसी राज्यों में छापे मारकर 242 एफआईआर दर्ज कराई गई है। इनमें से 114 एफआईआर उत्तर प्रदेश के 14 जिलों में दर्ज है। सबसे अधिक गाजियाबाद में विगत पांच वर्षों में 42 एफआईआर दर्ज कराई गईं हैं।

# कनॉट प्लेस के 150 बकायेदारों पर है 1950 करोड़ बकाया
# NDMC बोली- सीलिंग से बचना है तो बकाया जमा करें

**नईदिल्ली, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने संपत्तिकर बकायेदारों के खिलाफ शुरू किए गए सीलिंग के अभियान को जारी रखने का निर्णय लिया है। एनडीएमसी के अनुसार 150 बकायेदार अकेले कनॉट प्लेस में बकायेदार हैं जिन पर 1950 करोड़ रुपये का बकाया है। ऐसे में इतनी बढ़ी राशि एनडीएमसी के राजस्व में आने से विकास परियोजनाओं में रफ्तार मिलेगी। इसे देखते हुए एनडीएमसी ने अपना यह अभियान जारी रखने का निर्णय लिया है।एनडीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले हमारा फोकस उन शीर्ष 100 बकायेदारों पर हैं जिन पर 2500 करोड़ रुपये की राशि हैं। ऐसे में जरूरी है कि इस राशि को वसूला जाए। क्योंकि यह राशि एक नहीं काफी वर्षों से बकाया है। इसलिए हमारा यह अभियान चलता रहेगा।अधिकारी ने आगे बताया कि 1950 करोड़ रुपये की राशि अकेले कनॉट प्लेस के 150 संपत्ति मालिकों पर ही बकाया है। अब उन संपत्ति मालिकों को सीलिंग से बचना है तो वह अपना बकाया संपत्तिकर जमा कर दें। अगर, एक साथ बकाया जमा



करने में दिक्कत आ रही है तो किस्तों में भी जमा कर सकते हैं लेकिन जो जमा ही नहीं करना चाहते उन पर कार्रवाई के सिवाय हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। उल्लेखनीय है कि अकेले कनॉट प्लेस में एनडीएमसी 12 से ज्यादा संपत्तियों को सील कर चुकी है। एक-एक संपत्ति पर 40-45 करोड़ तक का बकाया है। वहीं, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि अगर, संपत्ति मालिक संपत्तिकर नहीं चुका रहा है और वह अपने किराये के साथ संपत्तिकर भी दे रहे हैं तो ऐसे किरायेदारों से हम सीधे संपत्तिकर लेने पर भी विचार कर रहे हैं ताकि उनके व्यापार को नुकसान न पहुंचे।

कनॉट प्लेस में हुई सीलिंग को लेकर चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने व्यापारियों की बैठक बुलाई है। साथ ही एनडीएमसी चेयरमैन अमित यादव और उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय को पत्र लिखा है। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने इस संबंध में उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही उन्होंने एमसीडी की तर्ज पर यूनिट एरिया मैथर्ड (यूएएम) लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संपत्तिकर की फिर से यूएएम के तहत गणना की जानी चाहिए।

## निर्दोष मालिकों की संपत्ति को जब्त करना नहीं है यूएपीए कानून का मकसद, हाई कोर्ट ने पुलिस को दी हिदायत




**नईदिल्ली, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

एक याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने माना कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत किसी स्थान को अधिसूचित करने मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इसका उपयोग गैरकानूनी गतिविधियों के लिए नहीं किया जाता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उक्त प्रविधान का मकसद निर्दोष मालिकों की संपत्तियों को जब्त करना नहीं है जो न तो गैरकानूनी एसोसिएशन के सदस्य हैं और न ही ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं। अदालत ने कहा कि यूएपीए की धारा-8 केंद्र सरकार को किसी भी स्थान को अधिसूचित करने की शक्ति देती है, उसकी राय में जिसका गैरकानूनी उपयोग किया जाता है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने उक्त टिप्पणी जामिया नगर इलाके में स्थित एक संपत्ति को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल करने की केंद्र सरकार की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए की। सितंबर 2022 में पीएफआई और उसके सहयोगियों को यूएपीए के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित किए जाने के बाद ऐसा हुआ था।याचिकाकर्ता मोहम्मद आरिफ अंसारी ने याचिका दायर कर संपत्ति के संबंध में दस्तावेज की मांग करने संबंधी दिल्ली पुलिस के नोटिस को चुनौती देने के साथ ही इसे डी-सील करने और अनलॉक करने के निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संपत्ति के वह वैध मालिक हैं और इसे उन्होंने ग्यारह महीने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को पट्टे पर दिया था।

# मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा और उनकी कंपनी बड़ा बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड पर धोखाधड़ी वाली गतिविधियों का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार , सीबीआई , ईडी व 13 राज्यों समेत अन्य से जवाब तलब किया है।इंटरनेट मीडिया इन्फ्लूएंसर व उसकी कंपनी पर बड़े रिटर्न का वादा करने वाली पोंजी स्कीम के जरिये लोगों को पैसा देने के लिए बरगलाने का आरोप लगाते हुए याचिका में केंद्र को



मामले की जांच के लिए सीबीआई की एक विशेष जांच टीम गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

जस्टिस एमएम सुंद्रेश और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने शुभम चौधरी व 19 अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह की उन दलीलों पर संज्ञान लिया कि बिंद्रा व उनकी कंपनी ने हजारों लोगों से उनके पैसे ठग लिए हैं। पीठ ने 26 फरवरी के अपने आदेश में नोटिस जारी करने को कहा जिसका छह जवाब छह हफ्ते में दिया जाना है।

## ब्रिटेन के मंत्रिमंडल ने मानद ब्रिटिश पुरस्कारों की सूची जारी की सुनील भारती मित्तल बने सम्मानित होने वाले पहले भारतीय



**लंदन, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल बुधवार को ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय नागरिक बन गए हैं। यह सम्मान ब्रिटेन और भारत के व्यापार संबंधों के लिए दिया गया है। मित्तल को केबीई प्राप्त हुआ है। यह ब्रिटिश सम्राट द्वारा दिए गए सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। मित्तल ने कहा कि वह किंग चार्ल्स की ओर से मिले सम्मान के लिए बेहद आभारी हैं। ब्रिटेन और भारत के ऐतिहासिक संबंध हैं, जो अब सहयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

मैं दोनों देशों के बीच आर्थिक और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। ब्रिटिश नागरिकों को दी जाने वाली नाइटहुड उन्हें सर या डेम की उपाधि देती है।गैर-ब्रिटिश नागरिकों को केबीई (महिलाओं के लिए डीबीई) से सम्मानित किया जाता है। मानद केबीई के पिछले भारतीय प्राप्तकर्ताओं में रतन टाटा (2009), रविशंकर (2001) और जमशेद ईरानी (1997) शामिल हैं।

# छात्रा को अश्लील संदेश भेजने वाला शिक्षक गिरफ्तार, शिकायत के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

**बाहरी दिल्ली।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने एक छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। एक सप्ताह पहले मॉडल टाउन पुलिस से पीड़ित छात्रा ने शिक्षक के खिलाफ शिकायत दी थी, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।जानकारी के मुताबिक पीड़िता ने शिकायत में पुलिस को बताया कि स्कूल शिक्षक ने किसी बहाने से उनका मोबाइल नंबर ले लिया। फिर अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी छात्रा ने अपने माता-पिता को दी।छात्रा



ने आरोपित शिक्षक की ओर से भी मोबाइल फोन पर भेजे गए संदेश भी दिखाए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का पुलिस ने फोन जब्त कर, डिवाइस को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपित ने पहले भी अन्य छात्रों को इस तरह से परेशान किया है। पिछले साल पूर्वी दिल्ली के एक स्कूल में आठ साल की बच्ची का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक 45 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया था।

# ख्वाजा की दरगाह के स्थान पर हिंदू मंदिर होने का फिर दावा, सर्वे की मांग, आयोग ने जिला प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

**जयपुर, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

वाराणसी के ज्ञानवापी के बाद राजस्थान के अजमेर में स्थित ख्वाजा की दरगाह के पूर्व में मंदिर होने का फिर दावा किया गया है। इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) से सर्वे करवाने की मांग की गई है। उधर, इस मामले में दरगाह दीवान और खादिम ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सर्वे की मांग को लेकर महाराणा प्रताप सेना व हिंदू शक्ति दल संगठन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। साथ ही कलेक्टर को ज्ञापन देकर शीघ्र सर्वे करवाने की मांग की है। दोनों संगठनों ने पहले 21 फरवरी और फिर बुधवार को सर्वे की मांग की है।महाराणा प्रताप सेना के अध्यक्ष राज्यवर्द्धन सिंह परमार ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पहले हिंदू मंदिर था, जिसे मुस्लिम आक्रांतों ने ध्वस्त कर दिया था। शिव मंदिर और अन्य मूर्तियों के स्थान पर दरगाह बनाई गई है। दरगाह के दरवाजों पर अब भी स्वास्तिक बने हुए हैं। स्वास्तिक हिंदू होने का प्रतिक है। उधर, इस मामले में दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन के पुत्र सैयद नसीरूद्दीन चिश्ती ने बुधवार को दरगाह पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। नसीरूद्दीन ने यह भी कहा कि दरगाह का मुगलों से कोई संबंध नहीं है।दरगाह के खादिम शकील अब्बासी



ने अजमेर के क्लॉक टावर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाकर धार्मिक भावनाएं भड़काने के प्रयासों पर रोक लगाने की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में जांच करने की बात कही है। अल्पसंख्यक आयोग तक पहुंचा मामलायह मामला अल्पसंख्यक आयोग तक पहुंच गया है। आयोग ने अजमेर जिला प्रशासन से एक सप्ताह में प्रकरण को लेकर रिपोर्ट मांगी हैं। खादिमों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को ज्ञापन देकर दरगाह को लेकर की जा रही टिप्पणियों पर रोक लगाने की मांग की है। गुप्ता की गिरफ्तारी की मांगदरगाह खादिमों की संस्था के अध्यक्ष चिश्ती ने बुधवार को अजमेर के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर हिंदू शक्ति दल संगठन के नेता सिमरन गुप्ता की गिरफ्तारी की मांग की है।

गुप्ता ने मोइनुद्दीन चिश्ती को कथित तौर पर बालात्कारी और आतंकी बताया था। चिश्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं अपमानजक है।2022 में भी महाराणा प्रताप सेना ने हिंदू धार्मिक चिह्न स्वास्तिक के होने का दावा करते हुए तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत को पत्र लिखकर एएसआई से सर्वे करवाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि दरगाह के स्थान पर पहले शिव मंदिर था। बाद में सामने आया कि दरगाह में स्वास्तिक बताकर जो फोटो सार्वजनिक की गई थी, वह असल में दरगाह से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित ढाई दिन के झोंपड़े के नाम से प्रसिद्ध एक स्मारक पर लगी खिड़की की थी। उस खिड़की पर स्वास्तिक मौजूद था। दरगाह के थानाधिकारी नरेन्द्र जाखड़ ने कहा, नसीरूद्दीन की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें कहा गया है कि हिंदू शक्ति दल संगठन ने दरगाह को मंदिर बताकर धार्मिक भावनाएं भड़काने के उद्देश्य से गलत टिप्पणी की है। इससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## मानव जीवन को समझने की इच्छा ही जज के लिए मजबूत माध्यम, CJI चंद्रचूड़ बोले- सिर्फ कानूनी शक्ति ही पर्याप्त नहीं

**नईदिल्ली, 29 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि एक जज के लिए कानूनी शक्ति ही पर्याप्त नहीं है, मानव जीवन की समझने की उसकी इच्छा ही सबसे मजबूत माध्यम है। सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त जजों जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले को सम्मानित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा,इन जजों की सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के साथ ही शीर्ष अदालत एक बार फिर अपनी 34 जजों की अधिकतम क्षमता से काम कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि शीर्ष अदालत उनके अनुभव की विविधता से लाभान्वित होगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जज के लिए कानूनी शक्ति पर्याप्त नहीं है। मानव जीवन को समझने की उनकी इच्छा ताकतवर माध्यम है। जस्टिस शर्मा, जस्टिस मसीह, जस्टिस मेहता और जस्टिस वराले की यात्राएं मानव जीवन को समझने एवं हमारे कानूनों की मदद से उसे सुधारने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जजों को कैसे निर्णय लेना चाहिए और सामान्य तौर पर कानूनी निर्णय लेने में क्या होता है, इस पर साहित्य का विशाल भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा,हालांकि कानून का ज्ञान और उसे बनाने का संदर्भ महत्वपूर्ण है, लेकिन अंततः लोगों की समस्याओं की समझ ही हमें बेहतर वकील एवं जज बनाती है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि असंतुलन के क्षणों में हमें कानून या नीति के बेहद जटिल सैद्धांतिक बयानों में समाधान मिलने की संभावना नहीं होती।

# लगातार हो रहे पैरों के दर्द को न करें नजरअंदाज जानें दिल की बीमारी से क्या है कनेक्शन ?



पैरों में हो रहे लगातार दर्द को नजरअंदाज करने की भूल कभी भी न करें, क्योंकि ये दिल की बीमारी के संकेत हो सकते हैं. इसे लेकर जरा सी भी लापरवाही हार्ट पर बुरा प्रभाव डाल सकता है और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ सकता है.अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कई बार हार्ट डिजीज के शुरुआती लक्षण पैरों में नजर आते हैं लेकिन लोग उन पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं. इनमें पैरों में दर्द, सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं हार्ट और पैरों के बीच क्या कनेक्शन है...

हार्ट डिजीज के लक्षण

कंधों और पीठ में दर्द

ज्यादा थकान होना

पेट की परेशानी, खट्टी डकार आना

सांस लेने में दिक्कत, बाहों में लगातार दर्द

उल्टी और चक्कर आना

बहुत ज्यादा पसीना निकलना

हार्ट और पैर के बीच क्या कनेक्शन है

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हार्ट और पैरों के बीच गहरा कनेक्शन होता है. हार्ट से जुड़ी समस्याएं पैरों के साथ ओवरऑल हेल्थ पर असर डाल सकता है. हार्ट की पंपिंग, पीएडी धमनी जैसी बीमारी से ये प्रभावित हो सकती हैं. इससे पैरों में ब्लड सर्कुलेशन कम हो सकता है और सूजन आ सकती है. जब पैरों को पंप किए गए ब्लड से ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है तो गंभीर समस्याएं हो सकती हैं.

पैरों के दर्द को न करें इग्नोर

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, पैरों में दर्द और सूजन के कई कारण हो सकते हैं. उनमें हार्ट प्रॉब्लम भी शामिल है. इसलिए कभी भी पैरों में दर्द को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है. कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने पर भी हार्ट डिजीज का खतरा पैदा हो सकता है, जिसका प्रभाव पैरों पर पड़ता है.

पैरों की देखभाल कैसे करें

पैरों को हेल्दी बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम करें.


आहार सही बनाएं.

पैरों की अच्छी तरह देखभाल करें.

पैरों में दर्द से राहत पाने के लिए हल्के गर्म पानी में सिंकाई करें.

पैरों में सूजन, दर्द या दूसरी समस्याएं होने पर डॉक्टर को दिखाएं.

## पवन कल्याण की हरि हरा वीरा मल्लू की मेकिंग जारी, जल्द शूटिंग में शामिल होंगे पावरस्टार



तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की आने वाली फिल्म हरि हरा वीरा मल्लू ट्रैक पर है। पहले यह खबर सामने आई थी कि फिल्म अब नहीं बन सकेगी, लेकिन बाद में फिल्म निर्माता ने खुद सामने आकर सभी संशय को खत्म करते हुए स्पष्ट कर दिया कि फिल्म का बनना जारी है। वहीं, पवन भी जल्द ही फिल्म बनने की प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, वो आंध्र प्रदेश चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। जैसे ही उनकी व्यस्तता पर विराम लगेगा तो फिल्म निर्माण को नई गति मिलेगी। फिल्म निर्माता एएम रत्नम ने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने के क्रम में फिल्म से संबंधित सभी अफवाहों का खंडन किया। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि, हरि हरा वीरा मल्लू से उन्हें सिर्फ तेलुगु राज्यों में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में एक पावरस्टार के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने हाल ही में फिल्म के लिए कुछ दृश्यों की शूटिंग की और चुनाव के बाद फिर से शूटिंग शुरू करेंगे। अगर मैं पैसा कमाना चाहता तो मैं उनसे कुछ ही दिनों में फिल्म पूरी करने का आग्रह करता। फिल्म 17वीं सदी पर आधारित है और इस तरह की फिल्मों में समय लगता है। फिल्म में निधि अग्रवाल और बॉबी देओल भी हैं, जो पिछले साल दिसंबर में एनिमल की रिलीज के बाद से सुर्खियों में हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने हाल ही में देखा कि एक विशेष वेबसाइट ने दावा किया है कि फिल्म को बंद कर दिया गया है। अगर मैंने जवाब दिया होता, तो यह एक मुद्दा होता। इसलिए, मैंने बस यह बताया कि फिल्म के लिए वीएफएक्स का काम ईरान, बेंगलुरु, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर हो रहा है। सिर्फ भाग एक ही नहीं, हमारे पास हरि हरा वीरा मल्लू का भाग 2 भी है।

# ऊनी कपड़े रखते समय जरूर रखें इन बातों का ध्यान, हमेशा दिखेंगे नए जैसे

जैसे ही सर्दियां खत्म होने वाली होती हैं, हम लोग अब अपने गर्म कपड़े, खासकर ऊनी कपड़े, संभाल कर रखने की सोचते हैं. ये ऊनी कपड़े जो सर्दियों में हमें गर्म रखते हैं, उन्हें अब अगले साल तक के लिए अलमारी में जगह देनी होती है. लेकिन, इन्हें बस यूं ही कहीं भी रख देने से पहले, कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है. ऊनी कपड़े की देखभाल में थोड़ी सी लापरवाही इन्हें खराब कर सकती है. ऊनी कपड़ों को लम्बे समय तक नए जैसा बनाए रखने के लिए आइए देखें कि इन कपड़ों को सहेजते समय हमें किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए.

साफ सफाई

जब भी आप ऊनी कपड़े पहनकर उतारें, तो पहले उन्हें अच्छे से झटक कर साफ कर लें ताकि उनमें फंसी धूल और मिट्टी बाहर निकल जाए. ये एक छोटा सा काम लग सकता है, लेकिन इससे आपके कपड़े ज्यादा समय तक अच्छे और साफ रहते हैं. फिर, जब सर्दी का मौसम खत्म हो जाए, तो एक बार सभी ऊनी कपड़ों को ड्राई क्लीन करवा लेना चाहिए. ड्राई क्लीनिंग से न सिर्फ गंदगी और दाग धुल जाते हैं, बल्कि ये कपड़े फिर से नए जैसे चमकने लगते हैं.इस तरह से आपके कपड़े अगले सर्दियों तक सुरक्षित और ताजे रहेंगे.

सही तरीके से तह

अपने ऊनी कपड़ों को सही तरीके से रखने के लिए, उन्हें हमेशा तह करके रखें, हैंगर पर नहीं. तह करने से कपड़ों में खिंचाव नहीं आता और वो अपने असली आकार में बने रहते हैं. इस सिंपल ट्रिक से आपके कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखते रहेंगे.



मोथ बॉल्स का इस्तेमाल

ऊनी कपड़ों को मोथ और अन्य कीड़ों से बचाने के लिए, उनके साथ मोथ बॉल्स रखना बहुत जरूरी है. मोथ बॉल्स कपड़ों को सुरक्षित रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि वे साफ और अच्छी स्थिति में बने रहें.

वायुयुक्त बैग्स में रखें

ऊनी कपड़ों को अगर आप वायुरोधी बैग्स में रखते हैं, तो इससे उनमें नमी नहीं आती और वे लंबे समय तक बिल्कुल नए जैसे बने रहते हैं. ये बैग्स आपके कपड़ों को ताजा और साफ सुथरा रखते हैं.

## विद्युत जामवाल की क्रैक का हाल-बेहाल



इन दिनों सिनेमाघरों में यामी गौतम की बहुप्रतीक्षित फिल्म आर्टिकल 370 लगी हुई है, जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है।विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक से भिड़ंत के बावजूद यामी की फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।आर्टिकल 370 का शुरुआत से दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।हालांकि, वीकेंड पर बंपर कमाई करने के बाद अब कामकाजी दिनों में फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। अब आर्टिकल 370 की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को 3.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.15 करोड़ रुपये हो गया है।आर्टिकल 370 ने टिकट खिड़की पर 5.9 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था।वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने दूसरे दिन 7.4 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 9.6 करोड़ रुपये कमाए। आर्टिकल 370 के निर्देशन की कमान आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है और फिल्म का निर्माण यामी के पति और निर्देशन आदित्य धर ने किया है।यह फिल्म जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के दौरान आई चुनौतियों से रूबरू कराती है।फिल्म को देश ही नहीं, दुनियाभर में प्यार मिल रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 34.71 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।इसमें अरुण गोविल, प्रियामणि, किरण कारमकर सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आए हैं। विद्युत जामवाल, नोरा फतेही, एमी जैक्सन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारों से सजी फिल्म क्रैक जीतेगा तो जिएगा को समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म दर्शकों के लिए तरस रही है।एक्शन-रोमांस से भरपूर यह फिल्म बीते शुक्रवार 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वीकेंड पर ठीक-ठाक कारोबार करने के बाद अब क्रैक की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।

# साल 2020 मेरे लिए भी बहुत मुश्किल था, क्योंकि मेरे अकाउंट में सिर्फ 257 रुपये थे: मेधा शंकर




विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म 12वीं फेल थिएटर्स में जबरदस्त हिट साबित हुई है. फिल्म की कहानी दर्शकों के दिलों को जीतने में कामयाब हुई है. विक्रांत मैसी के स्ट्रगल से लेकर मेधा शंकर का सच्चा सपोर्ट देखकर फैंस काफी खुश हुए हैं. फिल्म की सक्सेस के साथ एक्ट्रेस भी रातों रात फेमस हो गईं. हर आर्टिस्ट की अपनी एक बैक स्टोरी होती है. नोएडा की रहने वाली मेधा शंकर बचपन से ही एक्ट्रेस बनना चाहती थीं. इसके लिए उन्होंने काफी संघर्ष भी किया.

मेधा शंकर हाल ही में मीडिया से बातचीत के लिए सामने आईं थीं. बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि वह साल 2018 में मुंबई एक कलाकार बनने आई थीं, लेकिन इन सालों में उन्होंने बहुत उतार-चढ़ाव देखा. एक दिन तो वह टूट भी गई थीं, उनके बैंक अकाउंट में सिर्फ 257 रुप लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. मेधा ने कहा, 2020 दुनियाभर में कई वजहों से एक विनाशकारी साल रहा. यह साल मेरे लिए भी बहुत मुश्किल था, क्योंकि मैं पूरी तरह टूट गई थी. मेरे अकाउंट में सिर्फ 257 रुपये थे.

12वीं फेल से पहले भी मेधा कई फिल्मों में काम कर चुकीं थीं. एक्ट्रेस ने इस फिल्म के मिलने के पीछे की कहानी का भी खुलासा किया. एक्ट्रेस ने कहा, 12वीं फेल मिलने में मुझे थोड़ा समय लग गया. मैंने मुंबई में बतौर एक्टर साल 2018 में करियर की शुरुआत की थी. साल 2022 में मैंने एक कास्टिंग एजेंसी में इस फिल्म के लिए पहली बार ऑडिशन दिया था. फिर मैंने विधु विनोद चोपड़ा और पूरी टीम के साथ स्क्रीन टेस्ट किया. विधु सर, विक्रांत और टीम के साथ अपने पहले स्क्रीन टेस्ट के दौरान मुझे दृढ़ विश्वास था कि यह भूमिका मेरे लिए ही है.

27 अक्टूबर को रिलीज हुई 12वीं फेल, अनुराग पाठक के, इसी टाइटल वाले उपन्यास पर बेस्ड है. रियल लाइफ आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा और आईआरएस ऑफिसर श्रद्धा जोशी की इस कहानी को लोगों ने नॉवेल के रूप में भी खूब प्यार दिया था. फिल्म की कहानी दर्शकों को काफी पसंद आई है. ऑडियंस ने 12वीं फेल को साल 2023 की बेस्ट फिल्म का टैग दिया है. वहीं, आईएमडीबी पर इस मूवी को 10 में से 9.2 रेटिंग मिली है. इस फिल्म की सक्सेस के बाद बॉलीवुड इंडस्ट्री में विक्रांत मैसी का कद और ऊंचा हो गया है.



## रेड सैटिन ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखीं अभिनेत्री रुबीना दिलायक

टीवी टाउन में नई मां रुबीना दिलायक ने हाल ही में एक फोटोशूट करवाया है। उन्होंने अपनी यह फोटो अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। छोटी बहू में अपने काम के लिए मशहूर एक?ट्रेस सोशल मीडिया पर ज्यादातर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। उन?होंने इसमें लाल सैटिन बॉडीसूट पहना हुआ है।उन?होंने इसमें मेकअप लुक को चुना। रुबीना ने अपने बालों को सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया है। एक्सेसरीज के लिए उन्होंने हरे लॉकेट के साथ चेन और मैचिंग ईयररिंग्स को चुना। फुटवियर में उन्होंने सिल्वर हील्स पहनी थीं।

रुबीना ने अपने इस फोटोशूट में एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं, जिन्हें देख कोई भी उन पर फिदा हो सकता है.

बता दें कि रुबीना इन दिनों अपनी जुड़वा बेटियों इधा और जीवा के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं. साथ ही वो अपने व्लॉग के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं.

रुबीना बेटियों के जन्म के बाद से ही टीवी से दूर हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ अपडेट शेयर करती रहती हैं.

कमेंट सेक्शन रुबीना के लुक और आउटफिट की सराहना से भरा हुआ था। एक यूजर ने कहा, वाह हॉट रेड।

इससे पहले सोमवार को रुबिना ने गोवा में अपने फैमिली वेकेशन की झलक भी दी थी।

हाल ही में जुड़वां बेटियों जीवा और एधा के माता-पिता बने रूबीना और अभिनव इन दिनों गोवा में खूबसूरत जगहों का आनंद ले रहे हैं। रुबीना को पिछली बार झलक दिखला जा-10 में देखा गया था, जबकि अभिनव को खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा गया था।



# अरबाज खान की नई फिल्म गुल गुले बकावली का हुआ ऐलान, मोशन पोस्टर जारी

मलाइका अरोड़ा से तलाक लेने के बाद लगभग 6 साल बाद अरबाज खान ने बीते साल 24 दिसंबर को अपनी प्रेमिका और मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया था।शूरा से शादी के बाद अरबाज ने अपनी पहली फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम गुल गुले बकावली है।इस फिल्म दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा भी नजर आएंगे।अब निर्माताओं ने गुल गुले बकावली का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया है, जो दिखने में बेहद दिलचस्प है।

निकिता दत्ता और इला अरुण भी गुल गुले बकावली का महत्तवर्पूण हिस्सा हैं। फिल्म में राजू आशू, राजेश शर्मा और अखिलेंद्र मिश्रा भी अपनी अदाकारी की जादू चलाते दिखाई देंगे।इस फिल्म के निर्देशन की कमान राज आशू ने संभाली है तो वहीं एम शिव कुमार, अमित अवस्थी और पंचम सिंह इस फिल्म के निर्माता हैं।गुल गुले बकावली के बाद अरबाज नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म सेक्शन 108 में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

रिलायंस एंटरटेनमेंट भारतीय फिल्म उद्योग के दिग्गजों में से एक है और इसने कई सफल फिल्मों का निर्माण किया है। कुछ समय पहले ही रिलीज हुई फिल्म 'दृश्यम 2' भी रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी थी।

गुल गुले बकावली मूवी की रिलीज की तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है। हालांकि, मोशन पोस्टर के रिलीज होने से यह संकेत मिलता है कि फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

गुल गुले बकावली मूवी की कहानी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन मोशन पोस्टर से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म हो सकती है।

गुल गुले बकावली मूवी के मोशन पोस्टर को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चर्चा है और लोग फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

गुल गुले बकावली मूवी एक बहुप्रतीक्षित फिल्म है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रतिभाशाली कलाकारों, अनुभवी निर्देशक और भरोसेमंद निर्माता के साथ, यह फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है।

## टाइगर नागेश्वर राव ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

अभिनेता रवि तेजा को आजकल फिल्म ईगल में देखा जा रहा है। इससे पहले अभिनेता बीते साल रिलीज हुई फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में नजर आए थे। यह उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है।टाइगर नागेश्वर राव पहले ही तेलुगु भाषा में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। अब इस फिल्म का हिंदी संस्करण भी प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है।

# वर्ल्डवाइड 150 करोड़ की ओर शाहिद-कृति की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया

शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का बिजनेस हिचकोले खा रहा है। फिल्म भारत में पिछड़ती जा रही है, लेकिन वर्ल्डवाइड तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का कलेक्शन आगे बढ़ रहा है। अब फिल्म ने 150 करोड़ क्लब की ओर निशाना साधा है।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के लिए अब बिजनेस करना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि मुकाबले में दो नई फिल्में आ गई हैं। इनमें यामी गौतम की आर्टिकल 370 और विद्युत जामवाल की क्रैक शामिल है। हालांकि, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया पीछे हटने तो तैयार नहीं है।



तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया वैलेंटाइन वीक के मौके पर रिलीज हुई थी। वहीं, अब फिल्म ने थिएटर्स में 18 दिनों का सफर पूरा कर लिया है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म काफी पहले 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर गई थी। अब तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 150 करोड़ की ओर बढ़ रही है। अपडेट के अनुसार 26 फरवरी तक फिल्म ने दुनियाभर में 133.43 करोड़ की ग्रॉस कमाई कर ली है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के डोमेस्टिक बिजनेस रिपोर्ट की बात करें, तो फिल्म ने अभी 100 करोड़ क्लब में एंट्री नहीं कर पाई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, कृति सेनन और शाहिद कपूर की फिल्म ने रिलीज के 18 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 74.35 करोड़ का नेट बिजनेस कर लिया है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की लीड स्टार कास्ट में शाहिद कपूर और कृति सेनन का नाम शामिल है। फिल्म में इनके अलावा डिंपल कपाड़िया, धर्मेंद्र और राकेश बेदी भी अहम किरदारों में शामिल हैं। फिल्म में कृति सेनन ने सुपर स्मार्ट फीमेल रोबोट शिफ्रा का किरदार निभाया है, जबकि शाहिद ने कंप्यूटर इंजीनियर आर्यन के रोल में हैं। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना शाह ने किया है। वहीं, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को मैडोक्स फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

## शब्द सामर्थ्य -348

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# यातायात नियम का क्या है महत्व, पुलिस ने बताया विद्यार्थियों को

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य सरकार के मंसानुरूप विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान किया जाना है जिसके तहत कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेंद्र गुप्ता, डीएमसी समग्र शिक्षा डॉ. संजय सिंह, बीआरसी सोनहत एरोन बखला की पहल पर यातायात पुलिस जागरूकता अभियान को लेकर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनहत व एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनहत एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलासरई, बुधवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कटगोड़ी के छात्रों को लांस नायक महेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, मानव व्यापार से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

नाबालिग छात्रों को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई छात्रों व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया, छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया साथ ही पूछे गए प्रश्नों के सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया।





यातायात लांस नायक महेश मिश्रा द्वारा यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्हों की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, ज़ेब्रा क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग,गुड समेरिटन, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण, दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क सुरक्षा मितान, सड़क पर वाहन चलाने का सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। अभियान के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह, खंड स्त्रोत समन्वयक एरोन लकड़ा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य देवदत्त सिंह, वीरेंद्र तिवारी, सुखलाल राजवाड़े,सैनिक राजेश खलखो सहित विद्यालयीन स्टाफ एवं काफी संख्या में छात्र- छात्रा उपस्थित रहे।

# 27 हजार से अधिक किसानों के खाते में साढ़े छह करोड़ की राशि अन्तरण

**कोरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों को महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के यवतमाल शहर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16 वीं किश्त की राशि जारी कर किसानों के खाते में राशि अन्तरण की गई। बता दें आज पी.एम. किसान उत्सव दिवस, कृषि विज्ञान केन्द्र सलका, बैकुण्ठपुर में यह आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 27 हजार 253 किसानों को 6 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि जारी की गई। कार्यक्रम के बाद किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। 15वीं किष्त के रूप में 26 हजार 330 किसानों को 7 करोड़ 20 लाख राषि आंतरित की गई थी। योजना की शुरुआत 24 फरवरी 2019 को हुई थी। इसके तहत केंद्र सरकार की तरफ से देश के पात्र किसानों को 2000- 2000 रुपए की



3 समान किस्तों में साल भर में 6000 रुपये उनके खाते में डाले जाते हैं। देश के किसानों की आर्थिक मदद लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। किसान योजना के तहत सरकार अब तक किसानों के लिए 15वीं किस्त के पैसे जारी कर चुकी है, जिसमें 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ पहुंचाया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित जिला कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सहित बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखण्ड से हितग्राही किसान, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने 277 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर स्थायी/अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटीयों के विरूद्ध कार्यवाही की है। पुलिस की टीम द्वारा एक ही दिन में 277 लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से कुछ वारंटियों को महाराष्ट्र, उड़ीसा एवं मध्यप्रदेश सहित सरहदी जिलों से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को स्थायी/अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटो की तामिली हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत बुधवार 27 फरवरी को समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने - अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी/ अभियुक्त गिरफ्तारी वारंटीयों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

## श्रीरामलला दर्शन के इच्छुक भक्त कर रहे हैं आवेदन

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार के बहुप्रतिक्षित श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना का लाभ लेने के लिए नगर पालिका परिषद, बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा तथा जिले के ग्राम पंचायतों में आवेदन जमा करना शुरू हो गया है। गत दिनों कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभागृह में अधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग द्वारा योजना के बारे में दी गई दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी साझा की थी।

जानकारी के मुताबिक श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) जाने के इच्छुक भक्तगण नगर पालिका परिषद, बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा तथा जिले के ग्राम पंचायतों में पर्यटन विभाग द्वारा जारी पांच पृष्ठों के आवेदन को जमा करने पर पावती दी जाएगी। जनपद पंचायत, सोनहत के सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में कोटवारों के माध्यम से इस संबंध में मुनादी कराई गई है। आवेदन स्पष्ट हिंदी भाषा में ही भरे जाएंगे। साथ ही 3.5 बाई 3.5 सेमी साइज की नवीनतम रंगीन फोटो प्रथम पृष्ठ पर लगाना होगा साथ ही राशन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, विद्युत देयक, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या फिर शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य साक्ष्य जमा करना होगा। जिले के इच्छुक आवेदनकर्ता में प्रथम चरण में 55 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ चयन किया जाएगा। इस योजना में भाग लेने वाले की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम 75 वर्ष होगा। 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र के होंगे। यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट के अभाव में कोई यात्रा हेतु यात्री रवाना नहीं हो सकेगा। ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, एलर्जी, मधुमेह आदि का भी उल्लेख करना होगा ताकि यात्रा के दौरान मेडिकल सहायता की आवश्यकता होने पर मदद की जा सके। यात्री अपने स्वास्थ्य संबंधी दवाइयां स्वयं रखेंगे। यात्रा हेतु चिकित्सक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण देंगे। मेडिकल टेस्ट में अनफिट पाए जाने गए यात्रियों के स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल व्यक्तियों को भेजने की व्यवस्था की जाएगी। पर्यटन विभाग द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के तहत जाने वाले यात्री अपने साथ महंगे आभूषण, गहने आदि ले जाने पर प्रतिबंध होगा। यात्रियों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े रखेंगे तथा सामान की सुरक्षा स्वयं करेंगे। तीर्थ स्थल पर जाने वाले यात्रियों को मर्यादा के अनुसार आचरण करेंगे तथा वेशभूषा शालीन एवं पारंपरिक रखेंगे। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत यात्रा की तिथियां और जरूरी जानकारी समय से पहले यात्रियों को दी जाएगी। योजना के क्रियान्वयन हेतु अपर कलेक्टर श्री अरूण मरकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया तो डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आयोग द्वारा जिले के क्रिटिकल मतदान केंद्रों सहित कुल 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में अर्थात 153 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग कराया जाना है। चयनित मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग संबंधी उपकरण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा चयनित फर्म द्वारा स्थापित किया जाएगा। जिला स्तरीय समन्वय, डाटा, संधारण, मॉनिटरिंग एवं मतदान केन्द्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्थाओं संबंधी आवश्यक तैयारी एवं मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री सुखदेव पटेल को सहायक नोडल तथा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री राकेश कुमार को नेटवर्क ऑपरेटर एवं फील्ड समन्वय बनाया गया है।

## सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पदों हेतु लिखित परीक्षा 10 मार्च को

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-3/आवेशिका लेखक/कम्प्युटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति कि अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि सहायक ग्रेड-3/आवेशिका लेखक/कम्प्युटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश पत्र, अभ्यर्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट ष्द्दह्यद्यह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दी गई है, जहां से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रिंट कर सकते है।

## स्थाई लोक अदालत में अन्य व्यक्ति की नियुक्ति हेतु 20 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 22 बी के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय जगदलपुर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं सरगुजा में स्थापित स्थायी लोक अदालत (जनपयोगी सेवा) अन्य व्यक्तियों (सदस्यों) के नियुक्ति के लिए रिक्त पदों पर आर्हता प्राप्त व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 20 मार्च 2024 तक शाम 5 बजे तक आमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र के प्रारूप के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट www.cgsls.gov.in पर डाउनलोड कर कर सकते है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर या संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त किया जा सकता है।

## सांसद मद से निर्माण कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**कोरिया।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत सांसद कोरबा के अनुंशसा एवं सक्षम अधिकारी के तकनीकी स्वीकृति के आधार पर दो सी.सी. रोड निर्माण हेतु 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद स्थानीय विकास योजना के तहत विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत कटोर में आंगनबाडी से केशव राजवाड़े के घर तक एवं ग्राम पंचायत मझगवां मंडलपारा में गोलु घर से वीरनारायाण के घर तक सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उक्त निर्माण कार्य जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन को क्रियान्वयन एजेंसी एवं संबंधित ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

### उज्जवला योजना से मिली सेहतमंद जिंदगी

## समय, संसाधन की बचत, परेशानियों से मिली निजात

**कोरिया।** सरकार की एक योजना किसी परिवार व समाज को किस तरह आनंदमय बना देती है, इसका उदाहरण प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से देखने को मिल रही है। जिले के दोनों विकासखण्ड बैकुण्ठपुर एवं सोनहत में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ देने के लिए लगातार जिला प्रशासन प्रयासरत हैं। विगत दिनों में जब भारत संकल्प विकास यात्रा के दौरान ऐसे पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया, जो बरसों से जंगल से लकड़ियां बीनकर चूल्हे से भोजन बनाती थी। सोनहत विकासखण्ड के ग्राम घुघरा निवासी श्रीमती उषा ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा मिलने से बहुत ही खुशी मिल रही है, उनके पति उमेश साहू का कहना कि अब भोजन बनाने में पहले की अपेक्षा समय की बचत हुई है, जिससे वे समय पर काम में पहुंच जाते हैं।

पेशे से निजी स्कूल में कटघोड़ी में शिक्षिका के रूप में कार्यरत करीब 28 वर्षीय श्रीमती अनुपमा तिवारी का कहना है कि अब वे योजना के तहत मिले गैस चूल्हा से खाना तैयार कर रही हैं, इसके पहले वे वे इंडक्शन व हिटर से खाना बनाती, इससे बिजली की खपत अधिक होती थी। श्रीमती तिवारी के पति भी बैकुण्ठपुर के निजी स्कूल में शिक्षक हैं। श्रीमती तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते कहा कि मुख्यमंत्री के इन योजना का लाभ मिलने से उनके परिवार को परेशानियों से छुटकारा मिला है। ग्राम घुघरा निवासी 30 वर्षीय श्रीमती प्रेमवती राजवाड़े के पति उमेश राजवाड़े ने बताया कि पहले उन्हें जंगल से लकड़ियां लाकर खाना बनाने की व्यवस्था करना पड़ता था जबकि जब से प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस चूल्हा मिले हैं, तब से इसी में भोजन तैयार की जा रही है। बहुत आरामदाय महसूस हो रहा है। चूल्हा से जहां जल्दी खाना तैयार हो जा रहा है, वहीं अब प्रेमवती के आंखों से आंसू निकलना बंद हो गया है। विकसित



भारत संकल्प यात्रा के दौरान उज्ज्वला गैस कनेक्शन हेतु करीब 2800 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से करीब 2500 आवेदनों का निराकरण किया गया और गैस चूल्हा प्रदान की गई है। शेष हितग्राहियों को गैस कंपनी से अनुमोदन होते ही प्रदान की जाएगी। निश्चित ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के इन हितग्राहियों के जीवन में एक सुखद बदलाव आया है और इससे समय, संसाधन की बचत के साथ हितग्राहियों को परेशानियों से निजात भी मिली है।

## चार करोड़ रूपये से अधिक का विदेशी सिगरेट व रोलिंग पेपर किया गया नष्ट

**रायपुर।** सीमा शुल्क आयुक्तालय, इंदौर (भोपाल जोन) द्वारा बुधवार को रायपुर में 3.89 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मूल का सिगार और विदेशी मूल की रोलिंग पेपर के साथ तस्करी कर लाई गई विदेशी मूल की 40.86 लाख सिगरेट नष्ट की किया गया है। विदेशी मूल की सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के अवैध आयात के खिलाफ एक अभियान में, भोपाल जोन में सीमा शुल्क आयुक्तालय, इंदौर ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में भट्टी में जलाकर विदेशी मूल की 40.86 लाख सिगरेट को नष्ट कर दिया। इन सिगरेट के साथ ही भारत में तस्करी करके लाए गए 2 हजार विदेशी मूल के सिगार और 557 विदेशी मूल के रोलिंग पेपर के बक्सों को भी नष्ट किया गया। नष्ट की गई सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 3.89 करोड़ रूपए है। इन्हें भारतीय सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों का उल्लंघन करके भारत में तस्करी कर लाया गया था। जब्त सिगरेट, सिगार सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) नियम, 2008 (संशोधित) के तहत निर्धारित प्रावधानों एवं शर्तों के अनुरूप भी नहीं थे। जब्त की गई सिगरेट, सिगार और रोलिंग पेपर वैधानिक मेट्रोलॉजी अधिनियम, 2009 के तहत बनाए गए।




## स्वर्गीय पंडित श्यामा चरण शुक्ल और शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद का जयंती और पुण्यतिथि मनाया गया

**बैकुंठपुर कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में अभिभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सिंचाई प्रबंधन के कुशल विशेषज्ञ स्वर्गीय पंडित श्यामा चरण शुक्ल की जयंती एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी महान क्रांतिकारी शहिद पंडित चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी सचिव हीरालाल साहू, विकास श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता, धीरज सिंह,जिला कांग्रेस कमेटी सदस्य संतोष गोयन अखिलेश किंडो,संजय खलखो,सहित एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर कराया देह व्यापार, महिला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उससे देह व्यापार कराने वाली रायगढ़ की महिला को थाना छुरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने दिनांक 26 फरवरी को थाना छुरिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने पत्नी के साथ नागपुर में काम करता है। 4 फरवरी को घर से छुरिया बैंक जा रही हूं कहकर निकली थी जो आज तक वापस नहीं आयी है कोई व्यक्ति उसे अपने साथ बहला फु सलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। मामले में प्रार्थी एवं परिजनों का बयान लिया गया। लापता लड़की के परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि कुछ दिन पहले एक नंबर से उनकी लड़की इनसे संपर्क करने का प्रयास कर रही है लेकिन बात नहीं हो पा रही है।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना से जिले में किया न्योता भोज कार्यक्रम

**कोरिया।** केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राज्य के सभी स्कूल अवधि में बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य में 'न्यौता भोजन' के नाम से लागू किया गया है। न्यौता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों, अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। इस योजना में आमजन, सामाजिक संस्थाओं, संगठन, जनप्रतिनिधि, व्यापारिक व सभी वर्गों के लोग इसमें सहभागी बन सकते हैं। यह योजना पूरी तरह से स्वैच्छिक है।

योजना के तहत इसमें पूर्ण भोजन या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में दाल, सब्जी, चावल, मिठाई, नमकीन, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, मौसमी फल, अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री स्कूल अवधि में प्रदान कर सकते हैं। न्यौता भोजन शाला में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किए जाने वाले भोजन का पूरक है। प्रधानमंत्री पोषण के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने में



मदद करेगा। न्यौता भोजन से समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित होगी। सभी समुदाय, वर्ग के बच्चों में समानता की भावना पैदा होगी, बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने में मदद करेगा, स्कूल और स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल के विकास में सहायक होगा। इस अभिनव पहल से सरकार की योजनाओं में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने की दृष्टि से 'न्यौता भोजन' एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा साथ ही आपसी सद्भाव, सहयोग व स्नेह में होगी बढ़ोत्तरी होगी। शाला प्रबंधन समिति की बैठकों के दौरान न्यौता भोजन के प्रावधान, दान-दाताओं की पहचान व समय-सारणी, बच्चों को प्रदान किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के प्रकार व मात्रा, सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य खाद्य पदार्थों को उपलब्ध कराने में पर्याप्त सावधानी पर विशेष चर्चा की जाएगी। सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु न्यौता भोजन को बढ़ाने के लिए सबका प्रयास आवश्यक है। स्कूली बच्चों के लिए अतिरिक्त खाद्य पदार्थों केसे पोषण संबंधी लाभ होगा। ऐसे मौसमी फल जिसमें विटामिन तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर हो, उसे बच्चों को दिया जाना चाहिए। न्यौता भोजन में अधिकतम योगदान देने वाले समुदाय के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत कोरिया सहित प्रदेश के 9 जिलों के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को 30 अप्रैल 2024 तक सप्ताह में पूरक पोषण के रूप में मिलेट बार वितरित की जाएगी। प्राथमिक शाला के बच्चों को प्रति दिवस 20 ग्राम तथा अपर प्राथमिक शाला के बच्चों को 30 ग्राम मिलेट बार प्रदान किया जाएगा। मिलेट बार प्रदय करने हेतु राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को

## कोयला और डीजल चोरी पर अंकुश लगाने होगा कामः रविंद्र



**कोरबा।** दर्री के नए सीएसपी रविंद्र मीणा ने आज कामकाज संभाल लिया। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोयला और डीजल चोरी जैसी प्रमुख समस्याओं की जानकारी मिली है। इस पर अंकुश लगाने के लिए काम होगा।

राजस्थान के करौली निवासी रविंद्र मीणा आईपीएस अधिकारी हैं जिन्होंने जगदलपुर से डीपीटी पूरी की। हाल में ही गृह विभाग ने उनकी पदस्थापना दर्री में सीएसपी के पद पर की। गुरुवार को कामकाज संभालने के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियर की पढ़ाई के बाद यूपीएससी में जाने का विचार आया। सफलता हासिल हुई और वे आईपीएस चुने गए। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जगदलपुर क्षेत्र में काम करने के दौरान नशे से जुड़े कारोबार और अन्य क्षेत्रों में प्रभावी कामकाज किया गया और रोक लगाने में भी सफल हुए। कोरबा जिले में विभिन्न प्रकार के अपराधों के नियंत्रण को लेकर प्रयास किये जाएंगे। मीणा ने कहा कि समाज को बेहतर बनाने के लिए पुलिस हर कहीं काम कर रही है। इसलिए यहां भी एक अलग कार्यशैली लोगों को नजर आएगी। अपराधियों को या तो सुधरना होगा या फिर क्षेत्र से दूरी बनानी होगी।

# सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 95 केंद्रों में कल से, नकल रोकने हुई व्यवस्था

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो रही है। जिले में शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा के लिए तैयारी की गई है। 95 केंद्रों में 10वीं और 12वीं की कक्षा के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान अनुचित साधन का उपयोग रोकने के लिए प्रशासन ने अग्रिम प्रबंध किये हैं। प्रशासनिक अधिकारी के अलावा सुरक्षा कर्मी उड़नदस्ते में अपनी भूमिका निभाएंगे और औचक कार्रवाई करेंगे।

बोर्ड के कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाएं 1 और 2 मार्च से शुरू हो रही है। इसके लिए पिछले महीने कार्यक्रम जारी किया गया था। उक्तानुसार परीक्षार्थियों के नामांकन और अन्य संबंधित प्रक्रियाएं पूरी की गई थी। अगली कड़ी में रायपुर से प्राप्त गोपनीय सामाग्री को परीक्षा केंद्रों के नजदीकी पुलिस थाना और चौकी भेज दिया गया। परीक्षा दिवस को इन्हें प्राप्त किया जाएगा और परीक्षा केंद्र में इसका उपयोग सुनिश्चित होगा। शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि कोरबा जिले के पांच विकासखंडों में सरकारी और गैर सरकारी मिलाकर कुल 95 स्कूलों को परीक्षा केंद्र



फाइल फोटो

बनाया गया है। बीत वर्ष की तुलना में मौजूदा संख्या कुछ ज्यादा है जो कई आधार पर आंकी गई और इसके औचित्य को स्पष्ट किया गया। दूरदराज के विद्यार्थियों को सहूलियत देने के लिए अब नजदीकी क्षेत्र में नए केंद्र खोले गए हैं। जिले में कुल परीक्षा केंद्रों में से 21 ऐसे भी हैं जो संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। ऐसी स्थिति में यहां सुरक्षा के ज्यादा इंतजाम किये जाएंगे और उन कोशिशों को हतोत्साहित किया जाएगा जो निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। बताया गया कि सभी विकासखंडों के लिए अलग-अलग उड़नदस्ता टीमें भी बनाई गई है जो प्रतिदिन औचक निरीक्षण कर परीक्षा केंद्रों की स्थिति को देखेगी। शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उड़नदस्ता में रखे गए हैं। ये सभी टीमें कलेक्टर के मार्गदर्शन में अपना काम करेंगे।

### पिछले वर्ष जिले के एक भी छात्र को मेरिट नहीं

बीते वर्ष कोरबा जिले का परीक्षा परिणाम सबसे निराशजनक रहा। औसत परीक्षाफल भले ही बेहतर रहा लेकिन प्रदेश की प्रावीण्य सूची में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में कोरबा जिले के किसी भी छात्र को स्थान नहीं मिला। इससे शिक्षा की गुणवत्ता का भी पता चलता है। नए सत्र की शुरुआत के साथ अधिकारियों ने इस पर न केवल चिंता जताई बल्कि अगले सत्र की तैयारी कराने के साथ शिक्षकों को कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाया जाए।

## तड़के ग्रामीण के घर घुसा लोनर, किया क्षतिग्रस्त



**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा में कुछ दिनों से विराम के बाद हाथियों ने फिर से उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। यहां के केंदई रेंज अंतर्गत लालपुर सर्किल के बनखेता गांव में आज तड़के अचानक धमके लोनर हाथी ने एक घर को ढहा दिया। इतना ही नहीं वहां रखे दाल, चावल व घरेलू सामानों को भी तहस-नहस कर दिया। तड़के 4 बजे बस्ती में बैसाखू नामक ग्रामीण के घर एक लोनर के घुसने व उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से उत्पाती हाथी को खदेड़ने की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर हाथी ने जंगल का रूख किया तब ग्रामीणों व वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सुबह होने पर नुकसानी का आंकलन किया गया। जानकारी के अनुसार लोनर हाथी ने ग्रामीण के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिस समय हाथी यहां उत्पात मचाया, ग्रामीण व उसका परिवार सो रहा था। हाथी के आने की आहट सुनकर जागा और दूसरे कमरे में छिपकर जान बचाने के साथ ही ग्रामीणों व वन विभाग को सूचित किया।

इस बीच कोरबा वनमंडल के गेरांव में घूम रहे दंतैल ने बीती रात ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया और वहां लगे धान के रबी फसल को रौंद दिया। इससे पहले यह हाथी चचिया धान उपार्जन केंद्र में घुसकर वहां रखे 9 बोरी धान को चट कर दिया था।

## घेराबंदी कर 10 लीटर शराब समेत युवक पकड़ाया



**कोरबा।** अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी एवं उसके कारोबार में लिप्त तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए सिटी कोतवाली पुलिस ने कल अपरान्ह घेराबंदी कर सीतामणी चौक में युवक को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी को आज रिमांड पर कोरबा न्यायालय पेश किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार मोतीसागरपारा निवासी गोविंदा सागर उम्र 28 पिता रतनलाल सागर आदतन कभी देशी शराब तो कभी महुए की एवं अंग्रेजी शराब भी तस्करी के माध्यम से एक इलाके से दूसरे इलाके में आपूर्ति करते रहता है। पूर्व में कई बार उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की कार्रवाई भी की गई। यहां तक कि जेल भी गया। जमानत में छूटने के बाद फिर उसी धंधे में लिप्त हो जाया करता था। कल भी उसने 10 लीटर महुए की कच्ची शराब को सीतामणी चौक में तस्करी करने के लिए एकत्रित कर रखा था। बताया जाता है कि इसी बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली के टीआई नितीन उपाध्याय के निर्देशन में एएसआई अजय सिंह ठाकुर एवं आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, नवरतन सिदार, उत्तरा बंजारे, रामधन पटेल, राजेश राठौर के साथ घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपी के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 126/24 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर विवेचक एएसआई अजय सिंह ने न्यायिक रिमांड में आरोपी को आज कोरबा न्यायालय भेज दिया।

## कान को मुश्किल हुई तो कर लिया डीजे जब्त

**कोरबा।** कटघोरा पुलिस ने जुराली इलाके में भुवनेश्वर पटेल पर कार्रवाई करते हुए डीजे और अन्य सामान जब्त किया है। उसके द्वारा कानफोडू अंदाज में डीजे का उपयोग किया जा रहा था। इससे आसपास में रहने वाले लोगों को दिक्कतें हो रही थी। उन्होंने इस बारे में पुलिस को अवगत कराया। इस पर संज्ञान लेने के साथ टीम जुराली पहुंची। नियम का हवाला देते हुए डीजे को जब्त कर लिया गया। प्रकरण में अगली कार्रवाई की जा रही है।



सजग कोरबा अभियान के अंतर्गत किये जा रहे काम

## बैंकों में सुरक्षा का जायजा लेने के साथ पुलिस लोगों को धोखाधड़ी से कराने कर रही प्रयास

**कोरबा।** वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा संसाधनों की मजबूती को लेकर कोशिश जारी है। पुलिस की टीमें यह देखने में जुटी है कि बैंकों में सीसीटीवी कैमरे, सायरन और सुरक्षा प्रहरी की व्यवस्था बेहतर है या नहीं। यह जानने के साथ बैंक प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैंक से नगदी निकालने वाले लोगों को सचेत किया जा रहा है कि वे धनराशि ले जाने के दौरान सतर्क रहें ताकि किसी प्रकार की घटना न हो सके।

एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सजग कोरबा अभियान के तहत दो दिनों से लगातार पोस्टर प्रचार के माध्यम से बैंकों से आम लोगों को धोखाधड़ी तथा अनावश्यक परेशानियों से निदान दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिटी कोतवाली टीआई नितीन उपाध्याय के निर्देश में लगातार पोस्टर, प्रचार व अन्य माध्यमों के अलावा बैंकों के सुरक्षा संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को भी सजग करते हुए उन्हें



बैंकिंग फ्रॉड से बचाए जाने के लिए शुरू किये गए विशेष अभियान का लाभ भोले-भाले लोगों को भी मिले तथा उन्हें अनावश्यक परेशानियों व छलावा से मुसीबत न हो, जगह-जगह पुलिस विभाग के कर्मी तथा बैंकों के निजी सुरक्षा में तैनात कर्मी भी जुट गए हैं। यहां तक कि तमाम तरह के स्लोगन एवं चित्रहारों के माध्यम से उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

## कटघोरा में फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी

**कोरबा।** जैसा कि स्वास्थ्य शरीर के लिए खेलो का जीवन में अत्यधिक महत्व है और स्वास्थ्य जीवन के लिए डाक्टर का। लोगो के लिए समाज नई पहल करते हुए हेल्थ फेडरेशन कटघोरा के तत्वाधान में कटघोरा हाई स्कूल ग्राउंड में आईपीएल क्रिकेट के तर्ज पर रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10मार्च 2024 से किया जाना है।

जिसमे विजेता टीम को प्रोत्साहन के तौर पर प्रथम पुरस्कार 200000 लाख रुपए एवम द्वितीय पुरस्कार 100000 रुपए दिया जाना है, एवम मैन ऑफ द सीरीज एलईडी टीवी दिया जाएगा देकर खिलाड़ियों को खेल के दिशा में प्रोत्साहित किया जाना है। आयोजको के अनुसार इस टूर्नामेंट में32 टीम को ही प्रवेश दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से डॉक्टर के के कंवर हरिकृष्णा हॉस्पिटल कटघोरा, ए पी सोनोग्राफी सेंटर के संचालक डॉक्टर अनिल कंवर, एवम एनजे हॉस्पिटल कटघोरा के डॉक्टर चंपा कंवर के द्वारा मुख्य रूप से सहयोग प्राप्त हो रहा है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए, एमसीसी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## मृतावस्था में अस्पताल लाए गए महिला व युवक

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग स्थानों से मृतावस्था में एक महिला एवं युवक को कोरबा जिला अस्पताल गत रात्रि लाया गया। ऐसे में दोनों की संदिग्ध मृत्यु को देखते हुए पंचनामा कार्रवाई के उपरांत उनके शवों को पीएम के लिए अस्पताल चौकी पुलिस ने आज सुबह चीरघर भिजवा दिया।

अस्पताल चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मी मोहन सिंह राजपूत को यह जानकारी मिली कि ग्राम जुनवानी थाना उरगा निवासी मनोज कुमार बरेठ उम्र 35 पिता रसियाराम बरेठ को गत रात्रि जिला अस्पताल लाया गया था। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। इसी तरह रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत बृजकुंवर बाई उम्र 54 पति जैतराम को हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया था। यहां भी परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। चूंकि दोनों शवों को मृत अवस्था में देर रात को जिला अस्पताल लाया गया था इसलिए इनके मौत के कारणों की पुष्टि के लिए शवों को पंचनामा कार्यवाही कर पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया गया।

## पावर हब की खिलाड़ी ने इजिप्ट के प्रतिद्वंदी को हराया कराटे में

**कोरबा।** यूएई की धरती में पावर सिटी कोरबा की स्नेहा बंजारे ने कराटे की अंतरराष्ट्री प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के साथ इजिप्ट की खिलाड़ी को हराकर रजत पदक हासिल किया। उसने भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने के साथ सफलता प्राप्त की।



4 वर्ष की उम्र से खेल की तरफ रुझान रखने वाली स्नेहा अभी मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन की छात्रा है जिसने पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूएई में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और भारत का प्रतिनिधित्व किया। कोरबा वापस आने पर शुभचिंतकों ने उसका स्वागत किया। स्नेहा ने बताया कि उसका मुकाबला इजिप्ट के खिलाड़ी से हुआ था और उसे जीत हासिल हुई। वह थोड़ी और कोशिश करती तो गोल्ड भी ला सकती थी। स्नेहा ने बताया कि भारत से उसके समेत 49 खिलाड़ी अलग-अलग खेल में शामिल होने के लिए संयुक्त अरब अमीरात गए हुए थे। प्रतियोगिता में 84 देश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बिलासपुर विश्वविद्यालय से फिजिकल एजुकेशन की पढ़ाई कर रही स्नेहा ने बताया कि उसके पिता और भाई की प्रेरणा शुरू से मिलती रहे हैं जिसके कारण वह सफलता के इस स्थान पर है। कोरबा जिले के और भी खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई है और अपने साथ-साथ जिले में प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## गेवरा कालोनी में कुत्ते का आतंक

**कोरबा।** दीपका नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत गेवरा कॉलोनी में पिछले 24 घंटे में 10-12 से अधिक लोगों को कुत्ते ने काट कर अपना शिकार बनाया। लोगों ने बताया कि कुत्ता पागल हो गया है और लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर काट रहा है। कुत्ता काटने के बाद कुछ लोग सरकारी अस्पताल और कुछ विभागीय अस्पताल में अपना इलाज कर रहे हैं। लोगों नगर पालिका प्रशासन से दीपका में डॉग पॉलिसी बनाने की मांग की है जिससे उनके संख्या में वृद्धि न हो सके। कुत्तों के नसबंदी व एंटी रेबीज टीका करण कर इनकी संख्या को बढ़ने से रोका जा सकता है।

## कोलकाता से लौटने के साथ जेल पहुंचा आरोपी

**कोरबा।** गायत्री नगर निवासी देवा मंडल अपने गृह प्रदेश पश्चिम बंगाल के कोलकाता से लौटने के कुछ घंटे बाद ही जेल भेज दिया गया। मानिकपुर पुलिस ने यह कार्रवाई। देवा ने कुछ महीने पहले गायत्री नगर की एक महिला के घर में घुसकर गाली-गलौज की थी और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने इस बारे में पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर अपराध कायम किया गया था। इसकी भनक लगने के बाद आरोपी कोलकाता फरार हो गया। लंबा समय गुजारने के बाद वह कोरबा लौटा। इस दौरान आसपास के लोगों की नजर उस पर पड़ी और तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मामले में वारंट जारी होने के आधार पर पुलिस ने आरोपी को उसके ठिकाने से दबोचा और आईपीसी की धाराओं में जेल भेज दिया।

*कोरबा। केएल मेहता स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि होंगे।


मकान बेचना है
मानिकपुर प्रायमरी स्कूल के बगल में 5000 स्कवायर फीट में शीट का बना पक्का मकान बेचना है।
-: संपर्क करें :-
9039266242
9827893391


# अपनी अच्छी कोशिशों से वेदांता एल्यूमिनियम ने पांच लाख लाभार्थियों के जीवन स्तर में लाया परिवर्तन

**कोरबा।** विश्व एनजीओ दिवस के मौके पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने बताया कि गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ मिलकर की जा रही उनकी कोशिशों ने अकेले वित्तीय वर्ष 2023 में ही 5 लाख लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव को मुमकिन किया है। अगर कुल मिलाकर देखें तो बीते वित्तीय वर्ष में कंपनी के सामाजिक हस्तक्षेपों ने 6.30 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। कंपनी 20 से अधिक एनजीओ के साथ मिलकर सामुदायिक जरूरतों, सरकार के विकासात्मक कार्यक्रमों एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए सक्रियता से काम किया है।

वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालनों में शामिल हैं- दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में से एक जो झारसुगुडा में स्थित है, ओडिशा के लांजिगढ़ में विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी तथा कोरबा, छत्तीसगढ़ में



स्थित भारत की आईकॉनिक एल्यूमिनियम उत्पादक बालको तथा वृद्धि करता हुआ खनन क्षेत्र। ये सभी प्रचालन मिलकर ग्रामीण भारत के कई इलाकों में बहुआयामी ग्रामीण निर्धनता को कम करके तथा उद्यम एवं रोजगार के अवसर पैदा कर के इन समुदाय को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। कंपनी के सामाजिक कल्याण हस्तक्षेप पांच विषयगत क्षेत्रों पर आधारित हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर और जमीनी स्तर पर खेलों, कला व संस्कृति के साथ महिला व बाल विकास पर केन्द्रित हैं।

एनजीओ की मदद से कंपनी ग्रामीण समुदाय में गहरी पैठ बना पाती है जिससे संगठन को समुदायों के सामाजिक तानेबाने एवं रीति-रिवाजों की जानकारी प्राप्त होती हैं। ये संगठन वैज्ञानिक आधार पर आवश्यकताओं की समीक्षा करते हैं ताकि समुदायों की जरूरतों का पता लगाया जाए और वे वेदांता एल्यूमिनियम के सामाजिक सहयोग से लाभ प्राप्त कर सकें। कल्याकारी पहलों के लिए कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण विकसित किया जाता है तथा उनके असर को मापने के लिए नियमित रूप से मूल्यांकन भी होता है। इन निर्णायक निष्कर्षों के आधार पर एनजीओ जारी कार्यक्रमों में संशोधन या इजाफा करते हैं।

वेदांता एल्यूमिनियम के साथ काम करने वाले प्रत्येक एनजीओ सहभागी का चयन कड़ी प्रक्रिया के बाद किया जाता है। एनजीओ को अपने साथ जोड़ लेने के बाद परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं असर पर करीबी से निगाह रखी जाती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के मुताबिक सहयोगियों की नियमित ऑडिटिंग की जाती है। समुदायों को स्वावलम्बी बनाने के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ पहलें की जाती हैं। प्रोजेक्ट माइलस्टोन इस प्रकार डिजाइन किए जाते हैं कि अंततः समुदाय के लोग उसका पूरा दायित्व स्वयं ले लें।

वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021 और 2023 के मध्य हमारे सामुदायिक निवेश में 45 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई है जो दर्शाती है कि जिन समुदायों के बीच हमारा प्रचालन है उनके सम्पूर्ण विकास हेतु हम कितने प्रतिबद्ध हैं। एनजीओ के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित कर के हम अपनी साझी शक्तियों के बल पर अपने समुदाय के लोगों के हित में प्रभावशाली सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की रचना व उनका अमल कर रहे हैं। वेदांता एल्यूमिनियम में हमारा मानना है कि समाज के सभी तबकों को सशक्त बना कर ही समावेशी विकास किया जा सकता है। एनजीओ के संग हमारी भागीदारी - परिवर्तनकारी एवं सतत विकास के जरिए - इस मोर्चे पर उल्लेखनीय काम कर रही है।''

कंपनी निरंतर सहभागिताएं कर रही है जिनके तहत बड़े पैमाने पर विषय के विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है; उदाहरण के लिए पुनरुत्थान वॉलेंट्री ऑर्गेनाइज़ेशन ओडिशा में जरूरत स्वास्थ्य सुविधाओं के जरिए 2 लाख से अधिक लाभार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। इसी तरह, सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कंपनी ने प्रोजेक्ट नई किरण शुरु किया है, यह परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट ग्रामीण लड़कियों के बीच बेहतर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने पर केन्द्रित है।वेदांता एल्यूमिनियम ने वेदांता फाउंडेशन के साथ मिलकर कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए हैं जिनके जरिए ग्रामीण युवाओं को इलेक्ट्रिकल्स व टेलरिंग जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाई जाती है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com